• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 22 | अंक 188 | पृष्ठ : 18
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 16 अक्तूबर 2024
आश्विन शुक्ल-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2081

**क्रिकेट** भारत की नजरें घर में लगातार 19वीं टेस्ट शृंखला जीतने पर, मैच पर बारिश का साया...स्पोर्ट्स

**दिल्ली-एनसीआर**




72198 21111 | BAJAJ SECURE - AMC - ROAD SIDE ASSISTANCE | pine labs PAY LATER | HDFC BANK INSTANT CASHBACK UP TO ₹ 5 000 ON CREDIT CARDS*

*नियम और शर्तें लागू. *ऑफ़र्स केवल चुनिंदा वैरिएंट्स पर ही उपलब्ध. ऑफर 15 नवंबर 2024 तक ही वैध. बजाज ऑटो के पास बिना पूर्व सूचना के किसी भी या सभी ऑफ़र्स को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है. मॉडल पर निर्भर करते हुए ₹10,000 तक की *बचत में ₹5000* तक का कैशबैक और ₹5000* एचडीएफसी कार्ड कैशबैक शामिल है. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. एएमसी विशेष मॉडल्स और विशेष राज्यों में ही उपलब्ध है. अधिक जानकारी के लिए बजाज डीलर से संपर्क करें. रोड साइड सहायता अन्य पक्षों द्वारा उपलब्ध कराई जाती है और वह उनके नियम और शर्तों के अधीन होती है. कैशबैक ऑफ़र एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड्स के ईएमआई ट्रांजेक्शन्स पर केवल पाइन लैब्स मशीन्स पर ही 15 अक्टूबर 2024 तक उपलब्ध है. ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म्स पर ऑफ़र्स उनके नियम और शर्तों के अधीन हैं.

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd. DELHI: CENTRAL DELHI: Karol Bagh** BAGGALINK BAJAJ 011-23550011/9910399106 • **NORTH DELHI: Pitampura** BAGGALINK BAJAJ 9910399107 • **Budh Vihar, Rohini** BAGGALINK BAJAJ 9910399108 • **Rithala** BAGGALINK BAJAJ 9910399115 • **Mahipalpur** BAGGALINK BAJAJ 9910399119/239 • **Najafgarh** BAGGALINK BAJAJ 9910399235 **G.T. Karnal Road** SWADESHI BAJAJ 9212110787 • **Wazirpur** SWADESHI BAJAJ 9250211944 • **Zakhira SWADESHI BAJAJ** 9250211933 • **Narela GLOBAL BAJAJ** 9311300688 • **Peeragarhi GLOBAL BAJAJ 9311300695** • **Bawana GLOBAL BAJAJ** 9311300699 • **Burari GLOBAL BAJAJ** 9711998154 • **EAST DELHI** • **South Ganesh Nagar** GLOBAL BAJAJ 9319420888/9319431888. •**Jagatpuri, Krishna Nagar Metro Station** GLOBAL BAJAJ–9319421555 •**KONDLI, Main Market-Global Bajaj** -9319423555 • **Shahdara-Durgapuri Chowk** RRAG BAJAJ -7678440243 • **Bhajan Pura RRAG BAJAJ 7678440309** • **Jhilmil RRAG BAJAJ 9289303905** • **WEST DELHI: Dwarka** JSB BAJAJ 8882210730 • **Uttam Nagar, Metro Pillar No. 753** JSB BAJAJ 8882212366 • **Tilak Nagar, Metro Pillar No. 533** JSB BAJAJ 7827786351 • **Raja Garden** SWADESHI BAJAJ 40044444 /9210600907 • **SOUTH DELHI: Khanpur** GURU NANAK BAJAJ 9899140708, 9654561373 • **Pul Prahladpur** GURU NANAK BAJAJ 8851652946 • **Okhla -Phase-II MADHUR BAJAJ** 9289906219/8447431069 • **Adchini-Aurbindo Marg MADHUR BAJAJ 9560208232** • **Lajpat Nagar , Near Jal vihar Circle -MADHUR BAJAJ 9319198612** • **HARYANA : Gurgaon: New Rly. Road**, JSB BAJAJ 8882212365 • **Chakarpur: JSB BAJAJ 9991437799; Manesar 8527394201: Pataudi 6394203979; ;** • **Khandsa Road:** GSM BAJAJ 7838774484/85 • **Sohna Road:** GSM BAJAJ 7838774480 **Faridabad: NIT,Railway Road :-** GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Ajronda Chowk:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100 •**Palwal:** VIDYA BAJAJ 9416636037, 01275-259233 • **Hansi:** BALHARA BAJAJ 9468244600, 9416265833 • **Bhiwani:** SHREE SHYAM BAJAJ 9466547171 • **Jind:** BANSAL BAJAJ 9138215480 • **Sonepat: OM BAJAJ 7298981134; Kundli: 9466036628, Kharkhoda: 9416370108, Bahalgarh -9034796560** • **Rohtak:** ANSH BAJAJ 9254211102 • **Jhajjar:** ANSH BAJAJ 9254211104 • **Panipat:** SUVIDHA BAJAJ 9812058111 • **Assandh:** BALHARA BAJAJ 8059940113.

- 6 राज्य
- 2 केंद्रशासित प्रदेश
- 22 संस्करण

राजधानी ••
वर्ष 22 | अंक 188 | पृष्ठ : 18
मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 16 अक्तूबर 2024
आश्विन शुक्ल-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2081

amarujala.com


दो-टूक | जम्मू-कश्मीर पर कुछ कहने के बजाय अपने यहां मानवाधिकार देखे पाकिस्तान...12



दिल्ली-एनसीआर

# एआई के नैतिक इस्तेमाल व डाटा सुरक्षा पर वैश्विक नियम बनें : मोदी

## पीएम ने मोबाइल कांग्रेस में कहा- दुनिया को पूरी तरह मेड इन इंडिया मोबाइल फोन देना ही लक्ष्य

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के नैतिक इस्तेमाल और डाटा सुरक्षा के लिए वैश्विक नियम कायदे बनाने होंगे। वैश्विक मानक ऐसे होने चाहिए, जो सभी देशों की विविधता का सम्मान करने वाले हों।

पीएम मोदी यहां भारत मंडपम में आईटीयू-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण के उद्घाटन पर मंगलवार को दुनिया के दूरसंचार क्षेत्र की दिग्गज हस्तियों को संबोधित कर रहे थे। इस सभा का आयोजन करने वाला भारत एशिया का पहला देश है।

पीएम ने कहा कि उनकी सरकार के टेलीकॉम क्षेत्र में किए सुधारों के कारण भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार बन गया है और 6जी की दिशा में काम शुरू हो चुका है। हम चिप उत्पादन से लेकर अंतिम उत्पाद तक, दुनिया को संपूर्ण मेड इन इंडिया मोबाइल फोन देने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम पर बड़ा निवेश कर रहे हैं। पीएम ने कहा, जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत ने डिजिटल तकनीक के वैश्विक फ्रेमवर्क की बात रखी थी। वैश्विक संस्थानों को इसका महत्व स्वीकारना होगा। आज सभी डिजिटल टूल्स देशों की सीमाओं से परे हैं, इसलिए कोई देश साइबर खतरों से अकेले ही अपने लोगों की रक्षा नहीं कर सकता। इसके लिए साथ काम करना होगा, वैश्विक संस्थाओं को जिम्मेदारी उठानी होगी। जैसे उड्डयन क्षेत्र के लिए वैश्विक नियम हैं, वैसा ही डिजिटल तकनीक के लिए भी करना होगा। >> इंडिया मोबाइल कांग्रेस : कारोबार



दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के आठवें संस्करण का उद्घाटन करते पीएम मोदी।

**सुरक्षित डिजिटल वातावरण के लिए भारत प्रतिबद्ध**

एक-दूसरे से जुड़ी दुनिया में डिजिटल सुरक्षा का मामला बाद में विचार के लिए नहीं छोड़ा जा सकता। भारत में हमने डाटा सुरक्षा कानून और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति बनाए हैं, जो सुरक्षित डिजिटल वातावरण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दिखाते हैं।
–नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

# त्रूदो के आरोप झूठ का पुलिंदा, कनाडा ने अब तक नहीं दिया कोई ठोस सबूत : भारत

## त्रूदो के हिंसा से जुड़ी गतिविधियों में भारतीय एजेंटों के शामिल होने के आरोप सिरे से खारिज

नई दिल्ली। खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीपसिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत-कनाडा के रिश्ते टूटने के कगार पर हैं। कनाडा ने जहां भारत पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी है, वहीं भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि भारतीय एजेंट उनके देश में सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली गतिविधियों में शामिल थे और कनाडाई लोगों को निशाना बनाकर गुप्त अभियान चला रहे हैं। भारत ने कहा, कनाडा के आरोप झूठ का पुलिंदा और बेतुके हैं। वह सिर्फ आरोप लगा रहा है, उसके समर्थन में अब तक कोई ठोस सबूत नहीं दे सका।

भारत ने कनाडा में आपराधिक गिरोहों, खासकर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के कनाडाई अधिकारियों के प्रयासों को पुरजोर तरीके से खारिज किया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, कनाडा का दावा सच नहीं है कि उसने निज्जर मामले में भारत से साक्ष्य साझा किए थे। सूत्रों ने कहा, अरसे से कनाडा बेसिर-पैर के आरोप लगाता रहा है। रॉयल कनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने भी कुछ लोगों के भारत से संबंधों के बारे में दावे किए, लेकिन किसी भी मामले में कोई खास जानकारी नहीं दी। आरसीएमपी ने लोगों को जवाबदेह ठहराने की बात की, पर यह कभी साफ नहीं किया किसे किसके लिए जवाबदेह ठहराना है। ब्यूरो >> तनाव का असर कारोबार पर नहीं : पेज 13



जस्टिन त्रूदो

**विवाद में अमेरिका भी कूदा, कहा-आरोप गंभीर, सहयोग करे भारत**

वाशिंगटन। भारत-कनाडा विवाद में अमेरिका भी कूद गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, कनाडा के आरोप बेहद गंभीर हैं और भारत को जांच में सहयोग करना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि क्या कनाडा ने आरोपों के बारे में अमेरिका को सबूत सौंपे हैं, तो मिलर ने सकारात्मक जवाब दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं कर सकते। एजेंसी

**अमेरिकी विशेषज्ञ ने कनाडा के आरोप पर उठाए सवाल**

वहीं, शीर्ष अमेरिकी विशेषज्ञ माइकल रुबिन ने कहा कि जब भी जस्टिन त्रूदो सियासी संकट में घिरते हैं, तो इसे वह कनाडा के संकट से जोड़ देते हैं। रुबिन ने कहा कि निज्जर मामले में कनाडा के आरोपों, सबूतों में कुछ भी नया नहीं है। यह वैसे ही हैं, जैसे पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की हत्या से जुड़े सबूत हैं। ऐसे में भारत को अपने लिए खड़ा होना होगा। >> पेज 12

# नौ साल में पहली बार भारतीय विदेश मंत्री पहुंचे इस्लामाबाद

## रात्रिभोज में पीएम शाहबाज शरीफ से हुई मुलाकात



विदेश मंत्री एस जयशंकर का रात्रिभोज के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने किया स्वागत। एजेंसी

इस्लामाबाद। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में शिरकत करने मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से भी मिले। पीएम आवास पर एससीओ के सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और बहुत संक्षिप्त बातचीत की। करीब नौ वर्षों बाद पहली बार भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान पहुंचे हैं। इससे पहले इस्लामाबाद पहुंचने पर नूर खान एयरबेस पर पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

मालूम हो कि आखिरी बार दिसंबर, 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज अफगानिस्तान पर सम्मेलन में हिस्सा लेने इस्लामाबाद गई थीं। तब जयशंकर विदेश सचिव थे और प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे। विदेश मंत्रालय ने बताया, एससीओ की सालाना बैठक व्यापार व आर्थिक एजेंडे पर केंद्रित होती है। इस बार पाकिस्तान दो दिवसीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। एजेंसी

### पाकिस्तान के विदेश मंत्री से कोई द्विपक्षीय वार्ता नहीं

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि एससीओ सम्मेलन के दौरान जयशंकर और पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार के बीच द्विपक्षीय वार्ता नहीं होगी। जयशंकर की पाकिस्तान यात्रा इसलिए अहम है क्योंकि इसे भारत की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। हाल में, जयशंकर ने कहा था कि किसी भी पड़ोसी की तरह, भारत निश्चित रूप से पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध रखना चाहेगा। लेकिन सीमा पार आतंकवाद को नजरअंदाज करके ऐसा नहीं हो सकता। विदेश मंत्री को भेजने के निर्णय को एससीओ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा रहा है।

### भाजपा अध्यक्ष के लिए लक्ष्मण चुनाव अधिकारी

नई दिल्ली। भाजपा में नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। संगठनात्मक चुनाव के लिए ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के लक्ष्मण को राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी बनाया गया है। नरेश बंसल, रेखा वर्मा और संबित पात्रा सह चुनाव अधिकारी होंगे। >> पेज 13

# एरोसिटी–तुगलकाबाद मेट्रो कॉरिडोर की बाधा दूर

## दिल्ली मेट्रो फेज-4 : एलजी ने दी भूमि अधिग्रहण को मंजूरी

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत तैयार हो रहे एरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर की बाधा दूर हो गई है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दक्षिण दिल्ली के खानपुर गांव में 1,688 वर्ग मीटर की भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दी है। यह इस कॉरिडोर की सबसे बड़ी बाधा थी।



एलजी ने शिक्षा विभाग की 1,600 वर्ग मीटर भूमि को भी एक साल के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को हस्तांतरित करने की भी मंजूरी दी। इसके लिए डीएमआरसी किराये के रूप में 13,37,135 रुपये देगा। यह जमीन मिलने से आरके आश्रम-मजलिस पार्क और इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर पर इंटरचेंज स्टेशन के निर्माण में तेजी आएगी। खाली पड़ी इस भूमि का उपयोग ईदगाह रोड पर बनने वाले भूमिगत नबी करीम मेट्रो स्टेशन से जुड़ी निर्माण गतिविधियों के लिए किया जाएगा। यह भूमिगत स्टेशन इसी जमीन के नीचे बनेगा। एलजी ने इसे शिक्षा विभाग से लेकर डीएमआरसी को हस्तांतरित किया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भूमि के इस हिस्से को वापस शिक्षा विभाग को सौंप दिया जाएगा। ब्यूरो

### साल 2020 से अटका था मामला, काम में आएगी तेजी

अधिकारी ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली को मेट्रो से जोड़ने के लिए तैयार हो रहे कॉरिडोर का मामला चार साल से अटका हुआ था। खानपुर में जमीन अधिग्रहण करने के लिए डीएमआरसी ने जुलाई, 2020 को आवेदन किया था। अब उम्मीद है कि काम तेज होने से सेक्शन को एक वर्ष की समयावधि में पूरा कर लिया जाएगा। इससे दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के घनी आबादी वाले कॉलोनियों से एयरपोर्ट और मेट्रो की दूसरी लाइनों से जुड़ी जगहों पर आना-जाना आसान हो जाएगा। साथ ही महरौली-बदरपुर रोड पर लगने वाले जाम की समस्या भी दूर होगी।





#Cashback Offer available on all Honda two-wheeler models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards and IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of Rs. 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #Cashback offer valid until 30th November 2024. #The scheme is available in select outlets only. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment. ^Source: Cumulative Sales figure of Brand Activa from June 2001 to June 2024 as per HMSI internal data. CBR [Click, Book, Relax] facility available at selected dealerships only.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (III Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HAPUR:** JKM Gauri Honda - 09259944759, Gaurav Honda (Pilkua) - 8923135611; Urvashi Honda (Dhaulana) - 9410270247; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरियाणा सरकार



"मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के संकल्प में हरियाणा की भूमिका और महत्वपूर्ण होने जा रही है।"

- नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

# श्री नरेन्द्र मोदी

की गरिमामयी उपस्थिति में

# शपथ ग्रहण समारोह

## आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

**दिनांक : 17 अक्तूबर, 2024 । समय : प्रात : 11 बजे**

**स्थान : दशहरा ग्राउंड, सेक्टर 5, पंचकूला**

**फिर एक बार, डबल इंजन सरकार**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# 324 एंटी स्मॉग गन, 290 टीमें रोकेंगी धूल-धुआं

## ग्रैप-1 के नियमों को लागू करने के लिए दिल्ली सरकार ने बुलाई उच्च स्तरीय बैठक, संबंधित एजेंसियों को सख्ती से नियम लागू करने के निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** आबोहवा खराब होने के साथ दिल्ली सरकार ने प्रदूषण रोकने के लिए निर्माण स्थलों पर निगरानी बढ़ा दी है। इसके लिए 99 टीमों का उतारा गया है। वहीं, पूरी दिल्ली के निर्माण स्थलों पर 324 एंटी स्मॉग गन लगेंगी। सड़कों की मरम्मत के साथ साफ-सफाई के लिए पीडब्ल्यूडी व एमसीडी समेत सभी एजेंसियां जमीन पर सक्रिय हैं। मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्लीवालों से अपील की है कि वह कार पूलिंग करने के साथ पटाखे व कूड़ा जलाने से बचें। साथ में प्रदूषण की सूचना ग्रीन दिल्ली एप पर दें। सरकार इस पर तुरत कार्रवाई करेगी।

इससे पहले मंगलवार दोपहर ग्रैप-1 के नियमों को सख्ती से लागू करवाने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई। इसमें पर्यावरण मंत्री के साथ पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, दिल्ली मेट्रो, राजस्व विभाग, उद्योग विभाग, एनएचएआई, बिजली विभाग समेत दूसरे संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। इसमें बताया गया कि बीते एक-दो दिन में दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ा है। 13 अक्तूबर को वायु गुणवत्ता सूचकांक 224 के स्तर पर पहुंच गया। अगले दिन भी हालात में सुधार नहीं हुआ। पूर्वानुमान है कि आने वाले दिनों में हवाएं बेहतर नहीं होंगी। इसको देखते हुए ग्रैप-1 की बंदिशें लागू की गई हैं।

आतिशी ने मीडिया को जानकारी दी कि इसमें जोर निर्माण साइटों पर धूल की रोकथाम है। इसके लिए डीपीसीसी, राजस्व विभाग व उद्योग विभाग की 33-33 टीमें सड़क पर हैं। निजी और सरकारी निर्माण स्थलों का मुआयना कर हर दिन इसकी रिपोर्ट ग्रीन वॉर रूम के साथ पर्यावरण मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय को देंगी। दूसरी तरफ एमसीडी को निर्माण व ध्वंस मलबा के निपटान के निर्देश हैं। एमसीडी ने इसके लिए दिन में 79 टीमों व रात में 75 टीमों की तैनाती की है। इसके अलावा खुले में कूड़ा जलाने से रोकने के लिए दिन में 116 टीमें और रात में भी 116 टीमें तैनात होंगी।



सीएम आतिशी व गोपाल राय प्रेस को संबोधित करते हुए। अमर उजाला

### सड़कों की होगी मरम्मत, साफ-सफाई

आतिशी के मुताबिक, बैठक में धूल रोकने के लिए निर्देश दिए गए कि पीडब्ल्यूडी अपनी सड़कों व हॉटस्पॉट्स पर 200 एंटी स्मॉग गन तैनात करे। वहीं, डीएमआरसी 80, एमसीडी 30 और एनसीआरटीसी को 14 एंटी स्मॉग लगाएगा। वहीं, सड़कों की जल्द मरम्मत पूरी करनी है।

### यातायात प्रबंधन भी होगा बेहतर

आतिशी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को निर्देश हैं कि जाम लगने वाली जगहों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए जाएं। अगर इस काम में होम गार्ड की जरूरत है तो दिल्ली सरकार इसका इंतजाम करेगी। आतिशी ने बताया कि बिजली विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि अगले तीन महीने तक बिजली कंपनियों से बात कर बिजली के अस्थाई कनेक्शन के चार्ज भी कम किया जाएं।

### चलेगा जागरूकता अभियान

आतिशी ने कहा कि सरकार जागरूकता अभियान चलाएगी। इसमें लोगों को कार पूलिंग करने, दीपावली पर पटाखों का इस्तेमाल न करने की अपील होगी। साथ में आरडब्ल्यूए से अपने सुरक्षा गार्ड को इलेक्ट्रिक हीटर देने को कहा गया है। आतिशी ने अपील की कि सिर्फ सरकार प्रदूषण नहीं रोक सकती है। इसके लिए लोगों को आगे आना पड़ेगा।

### दिल्ली ही नहीं, दूसरे राज्य भी खराब करते हैं हवा

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के अंदर का प्रदूषण सिर्फ यहीं का नहीं है। समस्या दूसरे राज्यों से भी पैदा होती है। मसलन, ग्रैप में ईंट-भट्ठों से होने वाले प्रदूषण का जिक्र है। जब तक उत्तर प्रदेश सरकार इसको नहीं रोकती, दिल्ली सरकार कुछ खास नहीं कर सकती। गाजियाबाद और गुरुग्राम में 24 घंटे बिजली न मिलने से वहां जनरेटर चलाते हैं। इसका प्रदूषण दिल्ली में आता है। डस्ट और पराली का प्रदूषण भी दिल्ली पहुंचता है। उन्होंने अपील की कि दिल्ली की तरह हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारें भी नियमों को ठीक से लागू करें।

- गोपाल राय ने बताया कि कृषि शोध संस्थान का एक अक्तूबर से 14 अक्टूबर का जो डेटा है कि उसमें 2023 में पंजाब में 1105 पराली जलने की घटनाएं हुई थीं, इस साल घटकर 811 हो गई हैं। वहीं, हरियाणा में इस बीच यह 341 से बढ़कर 417 हो गई हैं। दूसरी तरफ, 2023 में यूपी में इन 15 दिनों के अंदर पराली जलाने की कुल 244 घटनाएं थीं, जो इस बार बढ़कर 417 हो गई हैं। नतीजतन दिल्लीवालों को परेशान होना पड़ रहा है।

### दिल्ली-एनसीआर में ठंडी हुई रातें

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सुबह-शाम ठंड ने दस्तक दे दी है, रातें भी ठंडी होने लगी है। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री नीचे लुढ़क गया है। दिल्ली के रिज मौसम केंद्र पर तो मंगलवार को न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। इस सप्ताह के अंत तक तक अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग की मानें तो दीवाली आते-आते तापमान में और अधिक गिरावट होने की संभावना है। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 34.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में धूप खिली रहने से हल्की गर्मी का अहसास हुआ। शाम होते-होते ठंडक हो गई। ब्यूरो






# एमसीडी ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए कदम उठाने शुरू किए

## निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण और खुले में कचरा जलाने से रोकने पर जोर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एमसीडी ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के पहले चरण के तहत प्रदूषण नियंत्रण के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए है। इस कड़ी में उसने मशनों से सड़कों की नियमित सफाई करने और पानी का छिड़काव करने की शुरूआत की है। वहीं निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के उपाय कराने की पहल की है और खुले में कचरा जलाने और रेस्टोरेंटों में कोयला व लकड़ी के उपयोग करने से रोकने की कार्रवाई शुरू की है। एमसीडी का मानना है कि इन कदमों से हवा में प्रदूषक तत्वों की मात्रा कम होगी और प्रदूषण का स्तर नियंत्रित रहेगा।

एमसीडी के अनुसार, उसने सड़कों पर धूल उठने से रोकने के लिए 52 मैकेनिकल रोड स्वीपर्स, 195 जल छिड़काव मशीनें और 30 मोबाइल एंटी-स्मॉग गन तैनात की हैं। इसके अलावा उसने प्रदूषण के हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अतिरिक्त निगरानी बढ़ाई गई है। वहीं सड़कों की नियमित रूप से मशीनों से सफाई करने की शुरूआत की है। इसके अलावा उसने ऊंची इमारतों पर स्थापित एंडी स्मॉग गन के माध्यम से भी छिड़काव करने की शुरूआत की है। एमसीडी ने 32 निर्माण स्थलों पर 95 एंटी-स्मॉग गन स्थापित की गई हैं। वहीं सीएंडडी वेस्ट का निष्पादन करने वाले स्थानों पर भी पानी का छिड़काव करने लगी है। दरअसल निर्माण कार्यों के दौरान बड़ी मात्रा में धूल और अन्य प्रदूषक तत्व हवा में घुल जाते हैं। इस कड़ी में सभी निर्माण कंपनियों को धूल को कम करने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं, जिसमें निर्माण स्थल के चारों ओर धूल को रोकने के लिए पर्दे लगाने, ढंके हुए ट्रकों में निर्माण सामग्री ले जाने और निर्माण स्थल पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने की हिदायत दी गई है।



### खुले में कचरा जलाने के मामले में कार्रवाई शुरु

एमसीडी ने प्रदूषण के अन्य स्रोतों पर नियंत्रण के लिए कचरे को खुले में जलाने पर भी सख्त कदम उठाने की शुरुआत की है। खुले में कचरा जलाने से हवा में हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जो वायु गुणवत्ता को और अधिक खराब कर देता है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई है।

- ग्रेप के तहत डीजल जनरेटर के उपयोग को सीमित कराने की भी कवायद शुरू की है। दरअसल डीजल जनरेटर से निकलने वाले धुएं में प्रदूषणकारी तत्व होते हैं, जो हवा को दूषित कर देते हैं। आवश्यक सेवाओं को छोड़कर, दिल्ली में कहीं भी डीजल जनरेटर के उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी। एमसीडी ने रेस्तरां और ढाबों में कोयला या लकड़ी के चूल्हों के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाया है। उसने ऐसे सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को एलपीजी और अन्य स्वच्छ ईंधनों का उपयोग करने का निर्देश दिया है।

### बेहतर मौसमी दशाओं से हवाओं में मामूली सुधार

**नई दिल्ली।** बीते दो दिनों तक खराब स्तर में रहने के बाद हवाओं की गुणवत्ता में मंगलवार मामूली सुधार दिखा। मौसमी दशाएं थोड़ा बेहतर होने से दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 198 दर्ज किया गया। इसमें प्रभावी स्थानीय प्रदूषक रहे। पराली के धुएं की हिस्सेदारी महज 1.287 फीसदी रही। जबकि दिल्ली के परिवहन व्यवस्था का हिस्सा 21.916 फीसदी रहा। पूर्वानुमान है कि अगले एक हफ्ते में हवा की गुणवत्ता में बड़े फेरबदल की उम्मीद नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, लगातार दो दिनों तक दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में रहने के बाद मंगलवार इसमें मामूली सुधार हुआ है। रविवार और सोमवार 224 व 234 एक्यूआई के उलट मंगलवार यह एक बार फिर 198 पर पहुंच गई। इस दौरान उत्तर पश्चिम और दक्षिण दिशाओं से चार-आठ किमी प्रति घंटा की चाल से हवाएं दिल्ली पहुंची। वहीं, मिक्सिंग हाइट 2000 मीटर से ऊपर रही। वेंटिलेशन इंडेक्स भी 10,500 वर्ग मीटर प्रति सेकेंड दर्ज किया गया। ब्यूरो

# टूटे नियम-कायदे... मलबा व जाम से ढकी सड़कें, धूल व धुएं का उठ रहा गुबार



आंनद विहार इलाके की मुख्य सड़क पर जमा मलबे का ढेर।




कश्मीरी गेट इलाके में जाम से परेशान लोग।



शास्त्री पार्क में वाहनों के गुजरने से सड़क पर उड़ती धूल। सभी फोटो : जी पाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बेशक मंगलवार सुबह ग्रैप-1 लागू हो गया है, सरकार नियमों को सख्ती से लागू करवाने की बात भी कर रही है, लेकिन पहले दिन सड़कों के हालात में खास बदलाव नहीं दिखा। धूल का गुबार जगह-जगह उठता रहा तो लोग खुले में कूड़ा जलाने से भी बाज नहीं आए। पूर्वी दिल्ली के कड़कड़ी मोड़ पर वाहनों से निकलने वाला धुआं भी सरेराह दिखा। सबसे ज्यादा हैरानगी निर्माण एजेंसियों की नजरअंदाजगी पर दिखी। प्रदूषण के लिहाज से सबसे नाजुक हॉट स्पॉट आनंद विहार की मुख्य सड़क पर निर्माण सामग्री मंगलवार दोपहर बिखरी नजर आई। इससे वाहनों की आवाजाही पर भी असर पड़ा। दूसरी तरफ दिल्ली के जाम के प्वाइंट पर हालात आम दिनों की तरह रही। दोपहर कश्मीरी गेट पर लंबा जाम आम रहा। दूसरी तरफ सड़कों पर धूल भी उड़ती दिखी। शास्त्री पार्क से गुजरती बस धूल उड़ाती नजर आई। ब्यूरो

### आज के कार्यक्रम

**नृत्य महोत्सव**

- **इंद्रपुरी :** एपी शिंदे हॉल में सुबह 9:15 बजे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत अंतरराष्ट्रीय भारतीय नृत्य महोत्सव का आगाज करेंगे।

**संगीत**

- **इंडिया हैबिटेट सेंटर :** थिएटर में शाम 7 बजे से क्लासिक धुन, लोक, देशभक्ति आदि के संगीत कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**प्रदर्शनी**

- **मंडी हाउस :** त्रिवेणी गैलरी में सुबह 11 बजे से राजश्री पंवार की पेंटिंग की एकल प्रदर्शनी लगेगी।

**कॉमेडी**

- **सत्य निकेतन :** नेड्र्स ऑफ कॉमेडी स्टूडियो में शाम 8:30 बजे से नामचीन कॉमिक अपने एक्ट प्रस्तुत करेंगे।

**आपकी आवाज**
किसी कार्यक्रम की सूचना, अन्य जानकारी और फोटो हमें भेजें।
ईमेल
del.metrobureau@del.amarujala.com
व्हाट्सएप करें
9873687563

# प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार पर भाजपा ने निशाना साधा

**नई दिल्ली।** प्रदूषण को लेकर भाजपा ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। कहा है कि सरकार के पास प्रदूषण को कम करने का कोई योजना नहीं है। सरकार के पास इच्छा शक्ति है और ना कोई कार्य योजना है। दिल्ली वाले इस सरकार से पूरी तरह निराश है। क्योंकि उनके पास न तो अब तक किए गए किसी उपाय की जानकारी है और न ही भविष्य के लिए ठोस कार्य योजना।

### कहा, दिल्ली सरकार के पास प्रदूषण से लड़ने की न इच्छा शक्ति, न कार्य योजना

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि विंटर प्रदूषण के दो प्रमुख कारण होता है जिसमें पंजाब में पराली का जलना, निर्माण स्थलों के साथ सड़कों से उठने वाली धूल मिट्टी। मुख्यमंत्री आतिशी और मंत्री गोपाल राय केवल भटकाने की कोशिश करते हैं। आतिशी टूटी सड़के सुधारने की दावे कर रही है लेकिन कहीं एक सड़क बनती नहीं दिखती। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के सारे उपाय सिर्फ आईवाश है। ग्रैप-1 लागू करना रस्म अदायगी मात्र है। 386 निगरानी टीमों के गठन से मदद नहीं मिलने वाली है। सड़कों की हालत सुधारने के लिए कुछ नहीं किया गया। यह वादा भी बाकी वादों की तरह हवा हवाई हो गया। पंजाब में जलाई जाने वाली पराली का धुआं बहुत जल्दी ही दिल्ली को अपने आगोश में ले लेगा और तब दिल्ली सरकार हाथ पर हाथ धर कर बैठ जाएगी। ब्यूरो

# सीएम और पर्यावरण मंत्री घोषणाओं के बजाय क्रियान्वयन पर दें ध्यान : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता जताते हुए कहा कि दिल्ली सरकार पिछले 11 वर्षों से राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण में पूरी तरह विफल रही है। लिहाजा मुख्यमंत्री आतिशी और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय केवल घोषणाओं तक सीमित न रहकर क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करें।

### दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, आप सरकार पूरी तरह विफल

दरअसल पर्यावरण मंत्री की विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है। इस कारण मुख्यमंत्री को स्वयं ग्रेप-एक लागू करने के लिए सामने आना पड़ा। देवेंद्र यादव ने दिल्ली सरकार पर प्रदूषण के नाम पर केवल घोषणाएं करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि ग्रेप-1 लागू होने के बाद विभिन्न विभागों की टीमें केवल औपचारिक निरीक्षण कर रही हैं। परंतु कोई ठोस परिणाम नहीं दिख रहे हैं। इसके अलावा एमसीडी ने 116 टीमें निर्माण कार्य के वेस्ट को हटाने और ओपन बर्निंग को नियंत्रित करने के लिए बनाई हैं, लेकिन हर साल ऐसी योजनाओं के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण में विफलता हाथ लगती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की 1400 किलोमीटर लंबी सड़कों पर धूल नियंत्रण के लिए केवल 200 स्मॉग गन का उपयोग पर्याप्त नहीं होगा। इसी तरह एनसीबी और एनसीआरबी की कुछ स्मॉग गन से भी धूल का पूरी तरह से नियंत्रण नहीं हो सकेगा। ब्यूरो


**अमर उजाला**

यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें

1800 121 1166
सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक

circulation@amarujala.com


### शंकर हाथी होगा तनावमुक्त, बाड़े में रखे जाएंगे खिलौने

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी हाथी ''शंकर'' अब खुद को तनाव मुक्त रखेगा। चिड़ियाघर प्रशासन ने हाथी के बाढ़े में कई तरह की सुविधाएं शुरु की है। उसे व्यस्त रखने के लिए बाड़े में विभिन्न गतिविधियों के लिए बड़े खिलौने लगाए जा रहे हैं।

हाथी के लिए फिलहाल टायर, दर्पण, फीडिंग रोलर, समेत लकड़ी की गेंद बाड़े में रखे गए हैं। साथ ही, चिड़ियाघर प्रबंधन की ओर से हाथी के लिए बाड़े में जिम, पावर फेंसिंग, ट्रीटमेंट पेन वाल व रबड़ मैट की भी व्यवस्था की जा रही है। मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन तथा विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने उसके बाड़े का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने शंकर के लिए बढ़ाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने हाथी को केला, खीरा, गन्ना खिलाया। साथ ही, महावतों व जामनगर गुजरात वनतारा की टीम से बातचीत की। ब्यूरो

### सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर फैसला टला



**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर फैसला टाल दिया है। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल मंगलवार को सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं थे ऐसे में जमानत याचिका पर फैसला टल गया। अगली सुनवाई 18 अक्तूबर को होगी। इससे पहले पांच अक्तूबर को विशेष न्यायाधीश ने मामले में ईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। ब्यूरो

# कांग्रेस की दिल्ली जोड़ो यात्रा टली, अब दिवाली के बाद होगी शुरू

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी प्रदेश कांग्रेस ने दिल्ली जोड़ो यात्रा को दिवाली के बाद शुरू करने का फैसला लिया है। पहले यह यात्रा 23 अक्तूबर से शुरू होनी थी, लेकिन अब इसे स्थगित कर दिया गया है। यात्रा का उद्देश्य दिल्ली के लोगों से सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को समझना और आगामी चुनाव के लिए कांग्रेस की रणनीति को मजबूत करना है।

प्रदेश कांग्रेस ने यह निर्णय दिवाली के दौरान लोगों की व्यस्तता और बाजारों में अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए लिया है। कांग्रेस को उम्मीद है कि दिवाली के बाद जब लोग फिर से सामान्य जीवन में लौटेंगे, तब यात्रा का प्रभाव ज्यादा रहेगा और ज्यादा लोग इसका हिस्सा बन सकेंगे। कांग्रेस की ओर से जल्द ही यात्रा का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। दूसरी ओर बताया जा रहा है कि दिवाली के समय दिल्ली पुलिस भी यात्रा के लिए स्वीकृति देने में आनाकानी कर रही थी। त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के पास पहले से ही अत्यधिक दबाव होता है, इसलिए वह इस समय किसी नई सार्वजनिक यात्रा के आयोजन की स्वीकृति देने में असमर्थ दिख रही थी। ब्यूरो










# एआई से कैंसर व हृदय रोग का जल्द व सटीक निदान होगा : धर्मेंद्र प्रधान

## देश के पहले हेल्थ, एग्रीकल्चर और सस्टेनेबल सिटीज पर तीन एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की घोषणा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को जोहो कॉर्पोरेशन के संस्थापक और सीईओ डॉ. श्रीधर वेम्बू की अध्यक्षता में हेल्थ, एग्रीकल्चर और सस्टेनेबल सिटीज के एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस(सीओई) की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से कैंसर, हृदय रोग का निदान, महामारी ट्रैकिंग, फसल पैदावार, मौसम, स्थानीय परिस्थितियों पर डेटा से खेती के तरीकों को बदलने से लेकर यातायात प्रबंधन और कुशल संसाधन वितरण पर काम होगा। 2047 तक '' विकसित भारत '' के तहत तीनों एआई सीओई का नेतृत्व उद्योग भागीदारों और स्टार्टअप्स के सहयोग से शीर्ष शैक्षणिक संस्थान करेंगे।

प्रधान ने कहा कि मुझे विश्वास है कि एआई सीओई हमारे देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को और बढ़ावा देंगे।

इसके अलावा नई पीढ़ी की नौकरी बनाने में मदद करने से लेकर वैश्विक सार्वजनिक भलाई के नए प्रतिमान भी स्थापित करेंगे। वहीं, जोहो कॉर्पोरेशन के संस्थापक डॉ. श्रीधर वेम्बू ने कहा कि एआई के यह तीनों सेंटर गांव, शहर और देश के लोगों के स्वास्थ्य को समग्र रूप से लाभ पहुंचाएंगे। उन्होंने देश के प्रतिभा पूल को पोषित करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा।

### तीनों सीईओ ऐसे करेंगे काम

**1- एआई सीओई (हेल्थ)**
आईआईटी दिल्ली और एम्स दिल्ली के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा पर एआई उत्कृष्टता केंद्र का उद्देश्य प्रारंभिक रोग की भविष्यवाणी, निदान और महामारी ट्रैकिंग पर काम करना है। यह आयुष दवाओं सहित स्वास्थ्य सेवा के लिए परीक्षणों और डाटा संग्रह को एकत्रित करेगा। इसके अलावा गुणवत्ता और पहुंच से संबंधित चुनौतियों का समाधान भी करेगा।

**2-एआई-सीओई (एग्रीकल्चर)**
आईआईटी रोपड़ के नेतृत्व में फसल की पैदावार, मौसम और स्थानीय परिस्थितियों पर डाटा का लाभ उठाकर खेती के तरीकों को बदलना है। इसके अलावा पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ एकीकृत करके, यह बुवाई, कटाई और फसल स्वास्थ्य पर एआई-संचालित, रियल टाइम जानकारी देगा।

**3-एआई-सीओई (सस्टेनेबल सिटीज)**
आईआईटी कानपुर के मार्गदर्शन में सस्टेनेबल सिटीज के तहत एआई के माध्यम से यातायात प्रबंधन और कुशल संसाधन वितरण पर काम होगा। सेंसर, जीआईएस मानचित्रों और उपग्रह फीड से डाटा को एकीकृत करके, यह संसाधन की जरूरतों का अनुमान लगाकर सार्वजनिक स्थान के डिजाइन को बेहतर बनाएगा।

### 2027-28 तक 990 करोड़ के बजट का प्रावधान

संयुक्त सचिव सौम्या गुप्ता ने बताया कि ' विकसित भारत' के विजन को साकार करने के लिए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई ) के लिए इन तीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का नेतृत्व उद्योग भागीदारों और स्टार्टअप के साथ मिलकर शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों द्वारा किया जाएगा। वर्ष 2023-24 के बजट में इसकी घोषणा की गई थी। वित्त वर्ष 2027-28 तक 990 करोड़ रुपये बजट का भी प्रावधान किया गया था।

# कॉन्सर्ट टिकटों की पुनर्बिक्री को विनियमित करने के लिए याचिका

### अवैध साइटों को अवरुद्ध करने के लिए मानदंड बनाने की मांग भी की गई

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय के समक्ष मंगलवार को एक याचिका में केंद्र को अधिकृत प्लेटफार्मों के माध्यम से कॉन्सर्ट टिकटों की पुनर्बिक्री को विनियमित करने और गैरकानूनी बिक्री गतिविधियों से बचने के लिए एक नियामक ढांचा तैयार करने और लागू करने के निर्देश देने की मांग की गई।

न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने सुनवाई के दौरान याची से कहा कि इस तरह की एक याचिका मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष लंबित है और उन्होंने मामले को वहां सूचीबद्ध करने को कहा। याचिका में आगे सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी के केंद्रीय मंत्रालयों को भारत में टिकटों की कथित अवैध और अनधिकृत बिक्री में शामिल गैरकानूनी ऑनलाइन प्लेटफार्मों को अवरुद्ध करने का निर्देश देने की मांग की गई है। ब्यूरो

## शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**साहिबाबाद।** दिल्ली में रहने वाले युवक द्वारा साहिबाबाद थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उनकी सहेली के माध्यम से उनकी दोस्ती दिल्ली के सीलमपुर निवासी आमिर सैफी से एक वर्ष पूर्व हुई थी। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जब युवती ने शादी का प्रस्ताव रखा तो आमिर सैफी ने शादी से इन्कार कर दिया। मामले की जानकारी होने पर आमिर के भाई नौशाद ने दोनों के साथ मारपीट की। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को साहिबाबाद थाने पर पीड़िता ने शिकायत दी। ब्यूरो

## सिपाही को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोप में दिल्ली पुलिस के सिपाही अमित को जमानत दे दी है। मामला पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद दर्ज न करने को लेकर परिजनों से रिश्वत लेने से जुड़ा है। अदालत ने जमानत की कुछ शर्तें भी लगाई हैं। इसमें आरोपी गवाहों को प्रभावित नहीं करेगा न ही उनके संपर्क में आएगा। कहा कि संबंधित जांच अधिकारी के बुलाने पर जांच में शामिल होना होगा। संवाद

## प्रमोटर के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर रद्द करने से इन्कार

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने रियल एस्टेट कंपनी एटीएस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के प्रमोटर गीतांबर आनंद और उनकी पत्नी पूनम आनंद के खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) रद्द करने से इन्कार कर दिया। संवाद


**"Inviting Online Bids"**

The Executive Engineer, Jal Shakti Division Larji invites online tenders on short time basis on behalf of Government or Himachal Pradesh from approved eligible contractors for the following works through e-tendering process:-

**Job. No. :** 1.
**Name of Work :** Providing Flood Mitigation and Embankment protection work for experiment/Research farm of KVK, Bajaura tehsil Bhunter Distt Kullu (H.P.) (SH:- C/O Retaining wall with skin-inforcement and C/O wire crates and apron along the river Beas)
**Estimated Cost :** 3,09,18,632/-
**EMD Cost of Tender :** 3,41,686/-
**Time of completion (months) :** Six Months
**Cost of form :** 2500
Last date submission of tender :- 23-10-2024 upto 05:00 PM and opened on 24-10-2024 up to 11:30 AM.

The tender forms/NIT and other detailed conditions can be downloaded from the website www.hpiph.orgor from office of the Executive Engineer upto date specified above.

**HIMSUNCHNA AVAM JANSAMPARK**
**Executive Engineer**
**Jal Shakti Division, Larji**
Ro-2705/24-25



HARYANA TOURISM
Come holiday with us

**ई-नीलामी सूचना**

हरियाणा पर्यटन निगम लि. के टिक्कर ताल पर्यटन परिसर मोरनी में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों (जेट स्की/स्कूटर, सोफा राईड एवं बनाना राईट) को लाईसेंस पर (लाईसेंसिंग आऊट) देने के लिए ई-बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। ई-नीलामी 12.11.2024 को पूर्वा. 11:00 बजे से अप 4:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। दस्तावेजों को जमा करने हेतु अंतिम तिथि 06.11.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे है। पूछताछ के लिए कृपया टिक्कर ताल पर्यटन परिसर मोरनी के डीडीओ को संपर्क करें। श्री अश्विनी शर्मा मो. सं. 9779100579
गतिविधियों की जानकारी के साथ ई-नीलामी दस्तावेज एचटीसी के वेबसाईट अर्थात www.haryanatourism.gov.in के साथ ऑनलाईन भागेदारी हेतु एनआईसी के पोर्टल http://eauction.gov.in पर उपलब्ध है। प्रबंध निदेशक, एचटीसी बिना कोई कारण बतलाए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार रखता है।

जारीकर्ता
प्रबंध निदेशक
SAMVAD:- 1117/11/116/2025/29538/C/1/7 Dt. 15/10/2024



HARYANA TOURISM
Come holiday with us

**ई-नीलामी सूचना**

हरियाणा पर्यटन निगम लि. के पिंजौर में ओएसिज़ फास्ट फूड को लाईसेंस पर (लाईसेंसिंग आऊट) देने के लिए ई-बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। ई-नीलामी 12 नवंबर, 2024 को पूर्वा. 11:00 बजे से अप 4:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। दस्तावेजों को जमा करने हेतु अंतिम तिथि 6 नवंबर, 2024 को पूर्वा. 11.00 बजे है। पूछताछ के लिए कृपया परिसर के संबंधित डीडीओ को संपर्क करें। (श्री अनिल कुमार, एजीएम मो. सं.94666-36541)

गतिविधियों की जानकारी के साथ ई-नीलामी दस्तावेज एचटीसी की वेबसाईट अर्थात www.haryanatourism.gov.in के साथ ऑनलाईन भागेदारी हेतु एनआईसी के पोर्टल http://eauction.gov.in पर उपलब्ध है। प्रबंध निदेशक, एचटीसी बिना कोई कारण बतलाए किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार रखता है।

जारीकर्ता
प्रबंध निदेशक
SAMVAD:- 1117/11/117/2025/29539/C/1/7 Dt. 15/10/2024


# आरसी जारी करने में देरी पर डीलरों का ट्रेड सर्टिफिकेट होगा रद्द

### परिवहन मंत्री ने एफएडीए और एसआईएएस के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) और सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

इसमें वाहन पंजीकरण में देरी, मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर गैर-अनुपालन और उच्च-सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) अनुरोधों में बैकलॉग जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। परिवहन मंत्री ने कहा कि डीलरों द्वारा स्व-पंजीकरण सुविधा होने के बावजूद, वाहनों के पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) जारी करने में देरी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसमें कहा गया है कि समय-सीमा की अनदेखी करने वाले डीलरों के ट्रेड सर्टिफिकेट रद्द किए जा सकते हैं। दिल्ली सरकार ने मार्च 2021 में डीलरों द्वारा आरसी छपाई और हाथों हाथ आरसी प्रदान करने की सुविधा शुरू की थी। सितंबर 2021 तक सभी स्व-पंजीकरण डीलरों को आरसी प्रिंट करने का अधिकार दिया गया था।


**CHANDIGARH INDUSTRIAL & TOURISM DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
CIN: U45202CH1974SGC003415

**E-TENDER NOTICE**

CITCO invites e-tender for Licensing out Convenience Store/Shop at CITCO's Petrol Station, Sector 38 (West), Chandigarh for specific trade on license basis and on "as is where is basis". Detailed e-tender document are available on http://etenders.chd.nic.in and www.citcochandigarh.com. Last date of submission of online e-bid is 06.11.2024 upto 05:00 P.M only on http://etenders.chd.nic.in

**CHIEF GENERAL MANAGER**

Regd Office: SCO - 121-122, Sector 17-B, Chandigarh - 160017
Phone No. 0172 - 4647931
Email: info@citcochandigarh.com, Website: www.citcochandigarh.com



**Footwear Design & Development Institute**
(An "Institution of National Importance as per FDDI Act,2017)
A-10/A,Sector-24, Noida-201301, Dist. Gautam Buddha Nagar (UP)

**NOTICE INVITING TENDER**

FDDI invites Expression of Interest Cum Request For Proposal on behalf of Managing Director, FDDI from Govt. Agencies Eligible under GFR 133(3) for Providing Project Management Consultancy(PMC) services for Construction And Development of Hostel Building at FDDI Noida Campus vide Tender ID - 1428,Estimated Cost- Rs.20.80 Crore, Earnest Money- Rs. 5,00,000/-, Period of completion – 2 Years.
Date of publishing of tender- 13/09/2024 of e-tendering web site of FDDI and CPP Portal,Last Date of online bid submission- 21/10/2024 till 15.00 pm Opening of Technical bid : 21/10/2024 at 15:30 pm The details of eligibility criteria etc/NIT is available on https://fddiindia.eproc.in

**Chief Engineer ,FDDI**



**हरियाणा सरकार** — **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | आरंभिक तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनुमानित) रु. में | बोर्ड/निगम प्राधि. की वेबसाईट | नोडल अधिकारी/ संपर्क जानकारी/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | पलवल एवं फरीदाबाद क्षेत्र में 66 केवी ट्रांसमिशन लाईनों का निर्माण। | 14.10.2024<br>04.11.2024 | EMD<br>23.58 LACS | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | मानेसर क्षेत्र में 66 केवी कम्पोजिट ट्रांसमिशन लाईन कार्य की शिफ्टिंग /रि-रूटिंग। | 14.10.2024<br>04.11.2024 | EMD<br>18.89 LACS | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन कैथल में मेन रोड से यार्ड गेट तक (लंबाई = 180 मी.) मौजूदा सीमेंट कंक्रीट रोड 5.00 मीटर चौड़ाई की मरम्मत (सिविल कार्य)। | 10.10.2024<br>24.10.2024 | 14.12 LACS | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | 0.4 एसक्यू ईंच एसीएसआर कंडक्टर के साथ 132 केवी चोरमार (220 केवी सब-स्टेशन) कुरंगवाली लाईन के दूसरे सर्किट को एकोमोडेट करने के लिए 220 केवी सब स्टेशन चोरमार में एक (1) 132 केवी लाईन बेय का निर्माण। (शेष कार्य अर्थात टो वाल का निर्माण पीसीसी तथा बजरी को फैलाना)(हिसार)। | 11.10.2024<br>23.10.2024 | 2.30 LACS | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन गढ़ी (हिसार) में 132 केवी बस कपलर का निर्माण | 11.10.2024<br>23.10.2024 | 56.16 LACS | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन सफीदों में चारदीवारी का निर्माण | 11.10.2024<br>23.10.2024 | 55.20 LACS | www.hvpn.org.in | 0172-2583789<br>PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in पर जाएं। SAMVAD-13/2025/120/29507/I/1/7 Dt.15/10/2024



**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), गाजियाबाद**

पत्रांक 931 /डूडा- एनयूएलएम / 2024 दिनांक 15-10-24

**सार्वजनिक सूचना**

जिलाधिकारी / अध्यक्ष डूडा गाजियाबाद महोदय के आदेश दिनांक 14.10.2024 के क्रम में जनपद गाजियाबाद में चयनित अमृत 2.0 एवं एनयूएलएम के संयुक्त तत्वाधान में पार्कों के रखरखाव, संचालन एवं प्रबन्धन का कार्य स्वंय सहायता समूह के माध्यम से किया जाना है। जनपद गाजियाबाद में प्रथम फेस में नगर निकाय, गाजियाबाद, लोनी व मोदीनगर के पार्कों के संचालन, रखरखाव एवं प्रबन्धन हेतु स्वंय सहायता समूहों के चिन्हाकन की शर्ते निम्नानुसार हैः-

1. स्वंय सहायता समूह शहरी क्षेत्र का हो।
2. स्वंय सहायता समूह शहर मिशन प्रबन्धन इकाई / डूडा में पंजीकृत हो।
3. स्वंय सहायता समूह को रिवाल्विंग फण्ड अवमुक्त हो चुका हो।
4. इच्छुक समूह महिलाए डे - एन०यू०एल०एम० के अन्तर्गत न्यूनतम 03 वर्ष पूर्ण गठित समूह से हो / स्वंय सहायता समूह तीन वर्ष से संचालित हो।

उपरोक्तानुसार इच्छुक स्वंय सहायता समूह की अध्यक्ष / सदस्य दिनांक 22.10.2024 तक उक्त शर्तो के अनुसार अपना प्रस्ताव सम्बन्धित शहर मिशन प्रबन्धन इकाई अथवा डूडा कार्यालय गाजियाबाद में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर जमा कर सकती है।

परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण
(डूडा) गाजियाबाद



दिल्ली सरकार

**कृपया ध्यान दें।**

सरिता विहार फ्लाईओवर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किया जाना है



आश्रम से बदरपुर (शेष आधा कैरिजवे) दिनांक 16.10.2024 से 30.10.2024 तक बंद रहेगा।

यात्रियो को असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करने की सलाह दी जाती है

**रूट डायवर्जन प्लान (फेज-२)**




SARITA VIHAR FLYOVER

DIP/Shabdarth/Classified/0209/24-25



# डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर के 10 जरूरी तथ्य जो हर किसी को नहीं हैं पता

## 2026 तक 67 लाख करोड़ का बनेगा डिजिटल सेक्टर, इसमें कैसे बनेगा आपका कॅरिअर जानने के लिए QR Code स्कैन करें

**नई दिल्ली।** डिजिटल सेक्टर लगातार ग्रो कर रहा है। इंटरनेट के जरिये हो रही मार्केटिंग में अब ग्राहकों का झुकाव भी ऑफलाइन के बजाय ऑनलाइन की ओर बढ़ रहा है। दूसरी ओर बढ़ती टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया के बढ़ते ग्रॉफ से ये कहना उचित होगा कि अब मार्केटिंग के लिए 90 प्रतिशत मार्केटर्स का ध्यान डिजिटल पर है। डिजिटल के उभार से कंपनियां अब तेजी से बदल रहे ट्रेंड्स को स्वीकार कर अपनी आगे की योजनाएं बना रही हैं।

सर्च इंजन पर बढ़ती खोज, सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की बढ़ती तादाद और ऑनलाइन कंटेंट खपत में हो रही अप्रत्याशित वृद्धि के कारण 2026 तक वैश्विक डिजिटल मार्केटिंग इंडस्ट्री के 67 लाख करोड़ रुपये के हो जाने का अनुमान है। इसके कारण अकेले भारत में 2026 तक SEO, PPC, Social Media, Content Marketing, Data Analytics आदि में 4 लाख नई नौकरियां निकलेंगी।

क्या आप इन नौकरियों के लिए तैयार हैं अगर नहीं, तो सफलता ने ऐसे युवाओं के लिए Advanced Certification In Digital Marketing कोर्स लांच किया है। इसकी बदौलत अब तक 2200 से अधिक युवाओं को डिजिटल सेक्टर में बेहतर नौकरी हासिल हो चुकी है। आप भी दिए गए QR Code को स्कैन कर अभी रजिस्टर करें और डिजिटल सेक्टर में एक शानदार कॅरिअर शुरू करने की ओर अपना कदम बढ़ाएं।

### ये हैं डिजिटल के दस महत्वपूर्ण तथ्य

01 **डिजिटल प्रचार का चलन बढ़ा :** ई-मार्केटर्स के सर्वे के अनुसार विश्व में डिजिटल मार्केटिंग एडवर्टीजमेंट पर खर्चा 63 प्रतिशत बढ़कर 2024 में 626.9 बिलियन डॉलर पहुंच गया है।

02 **सोशल मीडिया से ज्यादा लोग जुड़े :** मौजूदा समय में विश्व की 59 प्रतिशत जनसंख्या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर रही है। यानी विश्व में तकरीबन 4.72 अरब लोग सोशल मीडिया पर आ चुके हैं।

03 **मोबाइल डिवाइसेज ने वेबसाइट ट्रैफिक को किया पीछे :** आज किसी भी वेबसाइट पर आ रहे ट्रैफिक में तकरीबन 68 प्रतिशत ट्रैफिक मोबाइल डिवाइस के द्वारा आ रहा है।

04 **ई-मेल मार्केटिंग दे रहा ज्यादा रिजल्ट :** ई-मेल मार्केटिंग में खर्च किए गए 1 डॉलर से कंपनियां 36 डॉलर कमा रही हैं, लिहाजा डिजिटल मार्केटिंग में ई-मेल मार्केटिंग का आरओआई बढ़ा है।

05 **डिजिटल मार्केटिंग की नौकरियों में वृद्धि :** डिजिटल मार्केटिंग स्किल्स की डिमांड बहुत बढ़ गई है। 2026 तक डिजिटल सेक्टर में 10% अधिक जॉब्स युवाओं को मिलेंगे।

06 **ग्राहक रिव्यूज से 50 प्रतिशत बढ़ी सेल :** ऐसे बिजनेस जो ग्राहकों के फीडबैक का समय पर जवाब दे रहे हैं उनकी सेल 50 प्रतिशत तक बढ़ी है। खासकर ऐसे ग्राहक दोबारा वापस आकर उनकी कंपनी से सामान ले रहे हैं।

07 **वीडियो कंटेंट बना किंग :** आज 86 प्रतिशत कंपनियां वीडियो को मार्केटिंग टूल के रूप में इस्तेमाल करने लगी हैं।

08 **SEO से मिल रही बेहतर लीड्स :** 70 प्रतिशत मार्केटर्स का मानना है कि साइट पर आ रहे आर्गेनिक ट्रैफिक से जो लीड आती है, उसकी क्वालिटी अच्छी होती है।

09 **कंटेंट मार्केटिंग बजट बढ़ा रहीं कंपनियां :** 50 प्रतिशत मार्केटर्स 2024 में अपने कंटेंट मार्केटिंग बजट को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

10 **कंटेंट खपत बढ़ी :** सिमिलर वेब के अनुसार मौजूदा समय में हर व्यक्ति 24 में तकरीबन 7 घंटे अपना टाइम मोबाइल पर बिता रहा है।




### इन्हें मिलीं शानदार नौकरियां

| छात्र नाम | शहर | कंपनी का नाम |
|---|---|---|
| कुणाल खुराना | नोएडा | लावा |
| आंचल सोती | मुरादाबाद | ब्लिस मारकॉम |
| रितु पटेल | बरेली | ICICI लाइफ प्रूडेंसियल |
| इमरान | नोएडा | किडजानिया |
| सचिन | दिल्ली | हेमलेज |

### एडवांस डिजिटल मार्केटिंग कोर्स की खूबी

- प्लेसमेंट असिस्टेंस
- 10 इंडस्ट्री बेस्ड मॉड्यूल्स
- 20 टूल्स ऑफ लर्निंग
- 8 लाइव प्रोजेक्ट्स-केस स्टडीज
- 90 घंटे लाइव क्लासेज
- साप्ताहिक डाउट क्लीयरिंग सेशन
- कम्प्लीमेंट्री सॉफ्ट स्किल्स
- इंटर्नशिप का अवसर
- इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा मास्टर क्लास सेशन

**खास ऑफर : पहले 100 पाठकों को आज दाखिले पर कोर्स फीस में 4000 की छूट**

Advanced Certification in Digital Marketing कोर्स की फीस 24,999 है। आज दाखिला लेने वाले अमर उजाला के पहले 100 पाठकों को कोर्स फीस में 4,000 रुपये की छूट दी जाएगी। दाखिला लेने वाले युवा कोर्स की फीस 0% ब्याज की आसान किश्तों में अदा कर सकते हैं।

Scan QR Code
Call 8882765825

एडमिशन में सहायता के लिए अमर उजाला पाठक 08882765825 पर कॉल और 09310405008 पर व्हाट्सएप कर सकते हैं। A Media Solutions Initiative

# प्रवाह

निर्भीक पत्रकारिता का आठवां दशक
स्थापना वर्ष : 1948

अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले बहुत ही पेचीदा होते हैं।
-व्लादिमीर जिरिनोवस्की

**त्रूदो सरकार ने बगैर कोई सुबूत पेश किए एक बार फिर भारत पर जो आरोप लगाए हैं, वे पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। कूटनीतिक रिश्ते परिपक्वता की मांग करते हैं। लेकिन त्रूदो जिस तरह अपनी सियासी सहूलियत को देखते हुए खालिस्तानी आतंकियों को समर्थन देने से बाज नहीं आ रहे, उन्हें करारा जवाब मिलना ही चाहिए।**

## कनाडा की बौखलाहट

अपने राजनयिक संदेश में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कनाडा द्वारा भारत पर एक बार फिर लगाए गए आरोप एकदम अस्वीकार्य होने के बावजूद हैरान नहीं करते, क्योंकि मनगढ़ंत और बेबुनियाद आरोप लगाने की इसी आदत के चलते प्रधानमंत्री त्रूदो ने अमेरिका, चीन और विश्व की कई बड़ी शक्तियों के साथ अपने रिश्ते खराब किए हैं। लेकिन इस बार भारत ने कड़ा रुख दिखाते हुए कनाडा से उच्चायुक्त समेत पांच अधिकारियों को वापस बुलाया है, जिस पर बौखलाई त्रूदो सरकार ने भी भारत के छह राजनयिकों को और भारत ने भी कनाडाई राजनयिकों से देश छोड़कर जाने को कहा है, उससे यही प्रतीत होता है कि एक नेता की कूटनीतिक अदूरदर्शिता से दोनों देशों के बीच संबंध खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुके हैं। दरअसल कनाडा ने भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और अन्य राजनयिकों पर पिछले वर्ष हुई निज्जर की हत्या से जुड़े होने का आरोप लगाया है। यह बात दीगर है कि ऐसे ही आरोप उसने पिछले वर्ष भी लगाया था, लेकिन इससे जुड़ा एक भी सुबूत वह अब तक पेश नहीं कर पाया है। अलबत्ता उसकी इस हरकत से कनाडा में भारतीय अधिकारियों की जिंदगियां जरूर संकट में पड़ गई हैं, जो पहले से ही वहां बसे खालिस्तान समर्थकों के निशाने पर हैं। त्रूदो के इस कदम से कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के करीब बीस लाख लोग और वहां पढ़ाई कर रहे करीब सत्तर हजार भारतीय छात्रों का संकट भी समझा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि कनाडा में अक्तूबर, 2025 में चुनाव होने हैं, जिसमें त्रूदो सिखों से समर्थन की उम्मीद कर रहे हैं, जिनकी वहां करीब 2.1 फीसदी आबादी है। चूंकि महंगाई, अपराध दर के बढ़ने और आंतरिक मामलों में विदेशी दखल पर त्रूदो की चुप्पी से कनाडा में उनकी लोकप्रियता घटी है, इसलिए इन स्थितियों में वह राजनीतिक रूप से सशक्त खालिस्तान समर्थक सिख वर्ग का समर्थन नहीं खोना चाहते। कभी




कनाडा की सरकार ने खुद निज्जर को एक खतरा माना था और उसकी हवाई यात्राओं पर भी प्रतिबंध लगाया था। लेकिन, अब त्रूदो सरकार अगर खुलकर खालिस्तान समर्थक आतंकियों का समर्थन कर रही है और भारतीय हितों के खिलाफ काम कर रही है, तो जाहिर है कि इसके पीछे त्रूदो की निजी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं हैं, जिनके प्रति भारत का सख्त विरोध हर लिहाज से तर्कसंगत है। संयुक्त राष्ट्र और दूसरे मंचों पर भी भारत का रुख इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट रहा है कि आतंकवाद व हिंसा पर कार्रवाई सियासी सहूलियत से नहीं होनी चाहिए। दो लोकतांत्रिक देशों के मध्य कूटनीतिक रिश्ते परिपक्वता की मांग करते हैं, लेकिन मौजूदा परिदृश्य में त्रूदो से इसकी उम्मीद करना कुछ ज्यादा ही होगा।

## त्रूदो हैं कि मानते ही नहीं

**त्रूदो हर मंच पर चिल्लाते हैं कि उनका मुल्क कानून के राज पर विश्वास करता है, लेकिन उन्होंने अपने मुल्क को अपराधियों के हाथों में सौंप दिया है। कनाडा ने भारत पर जो बेतुके आरोप लगाए हैं, उन्हें उचित ही हमने दृढ़ता से खारिज किया है, क्योंकि त्रूदो सरकार वोट बैंक की राजनीति के तहत झूठे आरोप लगा रही है।**

पैरों और मुंह का रोग एक संक्रामक वायरल संक्रमण है, जो छोटे पशुओं में आम है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो को अपना पैर मुंह में रखने की बीमारी है और हम देखते हैं कि वह जब भी अपना मुंह खोलते हैं, उनका पैर बाहर निकल आता है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कनाडाई विदूषक के साथ पूर्वी एशियाई देशों के सम्मेलन में वियनतियाने में संक्षिप्त मुलाकात की थी। त्रूदो हर मंच पर चिल्लाते हैं कि उनका मुल्क कानून के राज पर विश्वास करता है, लेकिन उन्होंने अपने मुल्क को अपराधियों के हाथों में सौंप दिया है। पिछले एक साल से वह निज्जर की हत्या के मामले के बारे में सभी को विभिन्न जानकारी दे रहे हैं, जिसमें वेटर, कैब ड्राइवर और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा गार्ड भी शामिल हैं।



दीपक वोहरा
*कनाडा के पूर्व राजनयिक*

बीते सितंबर में उन्हें तब एक बड़ा झटका लगा, जब न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह ने यह कहते हुए अपना समर्थन वापस ले लिया कि वह 2022 में जस्टिन त्रूदो के साथ किया गया करार तोड़ रहे हैं, क्योंकि त्रूदो कमजोर, स्वार्थी और भ्रष्ट नेता हैं। त्रूदो की सभी हरकतें (हर छोटे गुरुद्वारे के कार्यक्रम में भाग लेना और सरोपा प्राप्त करना) विफल हो गई हैं। लेकिन क्यों?

मध्य अक्तूबर में भारत ने कहा कि कनाडा ने हरदीप सिंह निज्जर की पिछले वर्ष हुई हत्या मामले में अब तक एक भी सुबूत नहीं दिया है, जिसके बारे में वह भारत सरकार पर आरोप लगाते हैं।

त्रूदो ने जगमीत सिंह की पार्टी से वादा किया था कि कनाडा निज्जर के हत्यारों का पता लगाएगा, लेकिन ऐसा करने में वह विफल रहे। अपनी विफलता को छिपाने के लिए त्रूदो सरकार ने एक संदेश भेजा, जिसमें कहा गया कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक इस मामले में संदेह के घेरे में हैं, जिसका अर्थ है कि उनसे पूछताछ की जा सकती है। मेरा व्यक्तिगत रूप से मानना है कि त्रूदो एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिनमें किसी को दिलचस्पी नहीं होनी चाहिए।



जाहिर है, ओटावा (कनाडा की राजधानी) ने अमेरिकी डीप स्टेट के अपने आका की अनुमति के बिना ऐसा नहीं किया होगा, जिसने एक अन्य अमेरिकी-कनाडाई नागरिक और घोषित खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को सितंबर, 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी जिला न्यायालय में एक याचिका दायर करने के लिए उकसाया था, जिसमें उसे खत्म करने के कथित प्रयास के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सहित भारत सरकार को सम्मन जारी करने की मांग की गई थी। हमने इसका मजाक उड़ाया। ताजा मामले में, हमने ओटावा के बेतुके आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया है और त्रूदो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को जिम्मेदार ठहराया है, जो वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित है।

यदि कनाडा में आज चुनाव होते हैं, तो त्रूदो की पार्टी संसद में एक भी सीट नहीं जीत पाएगी। हमने भारत के सबसे वरिष्ठ सेवारत राजनयिक के खिलाफ आरोपों को अवमानना के साथ खारिज कर दिया। हमें लगता कि त्रूदो सनकी हैं।

लेकिन इससे पहले कि त्रूदो कुछ और बेतुका काम कर पाते, हमने घोषणा कर दी कि हम अपने उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों को कनाडा से वापस बुला रहे हैं, क्योंकि हमें उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की कनाडाई सरकार की प्रतिबद्धता पर भरोसा नहीं रहा। त्रूदो की सरकार ने भारत सरकार के कथित 'हिंसा अभियान' का हिस्सा होने का आरोप लगाकर छह भारतीय राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है। बदले में हमने भी कनाडा के कार्यवाहक उच्चायुक्त और उनके डिप्टी सहित छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है।

मैं 51 वर्षों से कूटनीति में हूं और यह मंत्रालय द्वारा किसी भी आरोप का सबसे तीखा खंडन है। कुछ महीने पहले त्रूदो ने अपनी संसद को अपने प्रिय सिख प्लंबर निज्जर की याद में एक मिनट का मौन रखने के लिए कहा था, जिसे उनकी अपनी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था और ठंडे बस्ते में डाल दिया।

दिलचस्प बात यह है कि इस साल जून में कनाडाई पुलिस ने दावा किया था कि 1985 के एयर इंडिया कनिष्क विमान बम विस्फोट, जिसमें 300 से अधिक लोग मारे गए थे, की 34 साल पुरानी जांच अब भी जारी है। ये लोग इतने अक्षम हैं कि जांच कम से कम 2085 तक जारी रहेगी।

त्रूदो ने अब भारत की जेल में बंद एक भारतीय गैंगस्टर पर अपने प्रिय आतंकवादी को खत्म करवाने का आरोप लगाया है। अब उन्हें कौन समझाए कि यह सब पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का किया-धरा है, क्योंकि ऐसी 'विश्वसनीय रिपोर्टें' हैं कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने भारत के साथ कनाडा के संबंधों को खराब करने के लिए उनके प्रिय आतंकवादी को खत्म करवा दिया है।

इससे पहले भी कनाडा में पाकिस्तानियों द्वारा हिंसक गतिविधियों को अंजाम दिया गया है। वर्ष 2020 में कनाडा में एक बलूच महिला कार्यकर्ता करीमा बलूच की हत्या कर दी गई थी, और उनकी मौत डूबने से हुई बताई गई थी। उसी वर्ष एक बलूच पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता स्वीडन में डूब गया। उनके हत्यारों को पकड़ा नहीं जा सका, जबकि उनके बारे में विश्वसनीय आरोप हैं कि वे पाकिस्तानी थे, और फाइलें जल्दबाजी में बंद कर दी गईं।

*वाशिंगटन पोस्ट* ने गुरुद्वारे के सुरक्षा कैमरों के आधार पर एक कहानी प्रकाशित की है, जिसके बाहर निज्जर को गोली मारी गई थी, जिसमें गवाहों ने आरोप लगाया है कि कनाडाई पुलिस ने प्लंबर की मौत की एक औपचारिक जांच की, कि यह एक सुनियोजित हत्या थी, जिसमें दो कारों में कम से कम छह लोग शामिल थे। साल भर के भीतर ही पाकिस्तानियों ने भारत-कनाडा संबंधों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया, जिसे फिर से बनाने में कई साल लगेंगे। कनाडा में रहने वाले भारतीय समुदायों को सावधान रहना चाहिए।

edit@amarujala.com

## जीवन धारा



पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य

जो ईंट भट्ठे में पकने से इन्कार कर दे, वह बूंद पड़ते ही गल जाती है। कच्चा लोहा भट्ठियों में पककर ही फौलाद बनता है। आत्म-कल्याण के लिए त्याग व बलिदान के अलावा दूसरा कोई मार्ग न तो था, न ही होगा।

### मजबूती के लिए आग में तपना ही होगा

***अध्यात्म** शक्ति का मानव शरीर में ठीक तरह से अवतरण हो, इसके लिए उसकी कुछ पात्रता की जरूरत होती है। स्वर्ग से जब गंगा पृथ्वी पर उतरी थीं, तब उन्होंने भगीरथ से यही पूछा था कि जब मैं नीचे उतरूंगी, तब उस वेग को सहन कौन करेगा? अगर यह वेग धारण न किया जा सका, तो धरती में छेद हो जाएगा और धारा पाताल में चली जाएगी। भगीरथ ने वस्तुस्थिति को समझा और गंगा को धारण करने वाले सत्पात्र की तलाश में निकल पड़े। यह कार्य भगवान शंकर ने पूरा किया। इसी तरह समर्थ गुरु रामदास के पास बड़ी आध्यात्मिक शक्ति थी, जिसे वह किसी को देना चाहते थे, लेकिन सत्पात्र नहीं मिलने पर किसे दें? उन्होंने बालक शिवाजी की परीक्षा ली। आंखों में दर्द का बहाना किया और उसके उपचार में सिंहनी के दूध की आवश्यकता बताई। यदि शिवाजी स्वार्थी शिष्यों की तरह इस झंझट से कतरा गए होते, तो उन्हें न तो समर्थ गुरु का अनुग्रह मिला होता और न ही भवानी की दी हुई अपराजिता तलवार मिल पाती। कहने का मतलब है कि समर्थ गुरु रामदास की तरह कई अनुभवी और गुनी गुरु सदैव ऐसे सत्पात्र की तलाश में रहते हैं, जिसे वह अपनी अध्यात्म की असल पूंजी दे सकें। अरुणि, धौम्य, शुकदेव, नचिकेता आदि की कथाएं हमारे शास्त्रों में वर्णित हैं, जिनमें उनके गुरुओं ने कठोर परीक्षाएं लीं। प्राचीन काल में तत्वदर्शी लोग जिसे भी ब्रह्मविद्या का अनुदान देते थे, वे उसकी परीक्षा अवश्य लेते थे कि यह उसके लिए उपयुक्त है या नहीं। कुपात्रों को बड़ी चीज नहीं दी जा सकती, क्योंकि वह न तो उसको धारण कर सकेंगे और न ही उसका सही उपयोग।*



*अध्यात्म मार्ग की वास्तविक प्रगति के लिए थोड़ा-सा पूजा-पाठ ही पर्याप्त नहीं होता। यदि ऐसा होता, तो शिबि, दधीचि, हरिश्चंद्र, मोरध्वज, ध्रुव, प्रह्लाद, भर्तृहरि, बुद्ध, महावीर, सुदामा, शंकराचार्य, ज्ञानेश्वर, मीरा, सूरदास, तुलसीदास, अरविंद, बंदा बैरागी, महात्मा गांधी जैसे सभी धर्म प्रेमियों को कष्टसाध्य जीवन अपनाने और त्याग-बलिदान के पथ पर अग्रसर होने की जरूरत क्यों पड़ती? ईसा मसीह अपने शिष्यों से कहा करते थे कि जो सच्चा ईश्वर भक्त है वह अपना क्रूस (मौत) अपने कंधे पर रखकर मेरे पीछे-पीछे आए। दरअसल, संसार के सभी ईश्वरभक्तों, धर्मपरायणों, महामानवों और सत्पुरुषों को अपनी मनोभूमि को वास्तविकता की अग्निपरीक्षा देनी पड़ी है। जो ईंट भट्ठे में पकने से इन्कार कर दे, वह पानी की बूंद पड़ते ही गल जाने वाली निकम्मी चीज बनी रहेगी। मजबूती प्राप्त करने के लिए आग को अपनाना ही होगा या उसमें तपना ही होगा। कच्चा लोहा भट्ठियों में पककर ही तो फौलाद बनता है। वासना में फंसे पड़े मनुष्य को आत्म-कल्याण के पथ पर अग्रसर होने के लिए त्याग और बलिदान का मार्ग अपनाना ही पड़ा है। इसका अन्य कोई विकल्प न तो था और न ही आगे हो सकता है।*

### कड़ी शर्तों से घबराएं नहीं

सूत्र

*प्राथमिक कक्षा में हजारों विद्यार्थी पढ़ते हैं, लेकिन कॉलेज तक इनमें से कुछ ही पहुंच पाते हैं। साथ ही पढ़ाई और कड़ी होती जाती है। कहने का मतलब है कि प्रगति की मंजिलें जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगी, वैसे-वैसे ही शर्तें और कड़ी होती जाएंगी। इसलिए आध्यात्मिक उन्नति के लिए कड़ी शर्तों से घबराए बिना उस मार्ग पर आगे बढ़ते जाना होता है।*

## दूसरा पहलू

अध्ययन के मुताबिक, जीवन प्रत्याशा कम हो रही है। सवाल है कि स्वस्थ आबादी कितने दिन जीवित रह सकती है।

### औसत उम्र बढ़ने की दर क्या घट रही है?

**इस** पृथ्वी पर सबसे अधिक उम्र का इन्सान फ्रांस की महिला जीन कैमेंट थी, जिसने 122 साल की उम्र पाई थी। दूसरे लोगों के इस उम्र तक पहुंचने में आखिर क्या बाधाएं हैं? हाल ही में *नेचर एजिंग जर्नल* में शोधार्थियों ने वर्ष 1990 से 2019 के बीच उन देशों में जीवन प्रत्याशा से आंकड़े इकट्ठा किए, जहां के लोगों की औसत उम्र तुलनात्मक रूप से ज्यादा है, जैसे- ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, इटली, हांगकांग, जापान, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन और स्विट्जरलैंड। अमेरिका के आंकड़े भी इकट्ठा किए गए, हालांकि वहां के लोगों की जीवन प्रत्याशा तुलनात्मक रूप से कम है।



डाना जी स्मिथ

वर्ष 1990 से 2019 के बीच उन देशों में जीवन प्रत्याशा से आंकड़े इकट्ठा किए गए, जहां के लोगों की औसत उम्र तुलनात्मक रूप से ज्यादा है।

शोधार्थियों ने पाया कि 1990 से 2019 के बीच इन सभी देशों में जीवन प्रत्याशा तो बढ़ी, लेकिन इसकी रफ्तार में कमी आई। सिर्फ हांगकांग ही इसका अपवाद पाया गया, जहां जीवन प्रत्याशा की दर पहले की तरह अधिक बनी हुई है। शोधार्थियों ने पाया कि चिकित्सकीय और तकनीकी प्रगति के फलस्वरूप लंबे समय तक जीवन प्रत्याशा में वृद्धि होती रही, लेकिन मानवता उस मोड़ पर पहुंच गई, जहां वृद्धि दर की रफ्तार में कमी आई। यानी इसके बाद अब जीवन प्रत्याशा में बहुत वृद्धि संभव नहीं है। इस अध्ययन का नेतृत्व करने वाले एसजे ओलसांस्की के मुताबिक, अधिकतम जीवन प्रत्याशा 87 वर्ष के आसपास हो सकती है (पुरुषों के लिए 84 और महिलाओं के लिए 90)। कई देशों में जीवन प्रत्याशा इस स्तर तक पहुंच चुकी है। नए अध्ययन के मुताबिक, आधुनिक दवाओं के जरिये लोगों का 70, 80 और 90 साल तक जीना संभव है, लेकिन उससे अधिक जी पाना मुमकिन नहीं। गौरतलब है कि ओलसांस्की ने 1990 में प्रकाशित अपने पेपर में भी कहा था कि जीवन प्रत्याशा दर हमेशा के लिए नहीं बढ़ने वाली। करीब पैंतीस साल बाद अपने नए अध्ययन के साथ वह फिर बता रहे हैं कि वह सही हैं।



नए अध्ययन के मुताबिक, आधुनिक दवाओं के जरिये लोगों का 70, 80 और 90 साल तक जीना संभव है, लेकिन उससे अधिक जी पाना मुमकिन नहीं। एसजे ओलसांस्की ने यह दावा पैंतीस वर्ष पहले भी किया था।

अध्ययन बताता है कि 20वीं सदी में साफ-सफाई और एंटीबायोटिक्स के कारण जीवन प्रत्याशा में नाटकीय वृद्धि हुई। कुछ वैज्ञानिकों के अनुसार, बेहतर इलाज के साथ-साथ कैंसर, दिल की बीमारी और दूसरी खतरनाक बीमारियों की रोकथाम को देखते हुए जीवन प्रत्याशा में यह वृद्धि जारी रहने वाली है। मशहूर जनसांख्यिकीविद जेम्स वॉपेल का तो यह मानना है कि 21वीं सदी में पैदा होने वाले सभी बच्चे सौ साल तक जिएंगे। लेकिन नए अध्ययन के मुताबिक ऐसा नहीं होने वाला।

©The New York Times 2024

## आंकड़े

### अन्न की खपत

शहरी भारत में अन्न पर निर्भरता कम हो रही है। बीते पैंतीस वर्षों में प्रति व्यक्ति अन्न खपत में दो किलो से ज्यादा की कमी आई है।

| | |
|---|---|
| 1999-2000 | 10.42 |
| 2004-2005 | 9.94 |
| 2009-2010 | 9.39 |
| 2011-2012 | 9.32 |
| 2022-2023 | 8.05 |

आंकड़े किलोग्राम में, प्रति व्यक्ति अन्न खपत के | स्रोत : SHCE 2022-23

## महात्मा तिरुमूलर

संत तिरुमूलर महर्षि अगस्त्य से मिलने के लिए जा रहे थे, तो उन्होंने देखा कि ग्वाले की मौत से गायें बहुत दुखी हैं। संत ने योग शक्ति से ग्वाले के शरीर में प्रवेश किया।

**महात्मा** तिरुमूलर उच्च कोटि के संत हुए हैं। बताया जाता है कि वह भगवान शंकर के वाहन नंदी के शिष्य थे। उन पर भगवान शंकर की विशेष कृपा रहती थी। एक बार उन्होंने निश्चय किया कि वह दक्षिण में जाकर महर्षि अगस्त्य के दर्शन करेंगे। वह अपने गुरु से आज्ञा लेकर महर्षि अगस्त्य से मिलने के लिए निकल पड़े। रास्ते में कई स्थानों पर रुकते हुए कावेरी नदी के किनारे पहुंचने पर उन्हें गायों के रंभाने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने देखा, तो गायों के रखवाले ग्वाले की मौत हो चुकी थी।

गायें अपने मालिक की मौत से दुखी थीं। गायों को दुखी देखकर महात्मा तिरुमूलर ने अपनी योग शक्ति से उस ग्वाले की देह में सूक्ष्म रूप से प्रवेश किया। साथ ही अपना शरीर एक पेड़ पर बांध दिया। तिरुमूलर जब गायों को लेकर घर पहुंचे, तो ग्वाले की पत्नी ने विलंब से आने का कारण पूछा और उनसे आलिंगन करना चाहा, लेकिन उन्होंने कहा- दूर रहो। दूसरे पुरुष का आलिंगन न करो। इसके बाद वह गायों को छोड़कर पास के ही एक मठ में चले गए और ध्यान में लीन हो गए। ग्वाले की स्त्री अन्य लोगों को लेकर उन्हें मनाने के लिए पहुंची, लेकिन बाद में उन्होंने उनको पूरी बात बता दी। तिरुमूलर उसी स्थान पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपना शरीर रखा था, लेकिन वह नहीं मिला। इसे भगवान की लीला मानकर वह ग्वाले के शरीर में ही ईश्वरभक्ति करने लगे और तमिल भाषा में *शैवागम शास्त्र* की रचना की।



अंतर्यात्रा
संकलित

## अमर उजाला

पुराने पन्नों से — 06 जनवरी, 1961

### फ्रांस द्वारा अल्जीरिया में भारी नरसंहार, दो लाख कैद


फ्रांस द्वारा अल्जीरिया में भारी नर संहार : दो लाख कैद
नौ लाख शहीद : अस्थायी सरकार के प्रतिनिधि का कांग्रेस महासमिति को ज्ञापन
विधायक निवास के एक कमरे की समस्या

अल्जीरिया की अस्थायी सरकार ने भारत से उसे मान्यता देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सात वर्षों में फ्रांस द्वारा अल्जीरिया में किए गए नरसंहार में नौ लाख लोग मारे जा चुके हैं और दो लाख कैद हैं।

## खाद्य सुरक्षा की चर्चाओं में भारत



**दुनिया के किसी भी क्षेत्र में कोई खाद्यान्न संकट आता है, तो विश्व भारत से खाद्य आपूर्ति की आस लगाए रहता है।**

वीर सिंह | मुद्दा

भूख, कुपोषण और खाद्य असुरक्षा की स्थिति निरंतर अपना विश्वव्यापी वर्चस्व बढ़ा रही है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) 2023 की रिपोर्ट कहती है कि विश्व के अनेक क्षेत्रों में भूख की स्थिति विकट रूप ले चुकी है। कोविड-19 महामारी, जलवायु संकट और कई देशों में छिड़े युद्धों को इसका मुख्य कारण बताया गया है। इसकी पुष्टि खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की रिपोर्ट भी करती है, जिसके अनुसार वर्ष 2022 में वैश्विक स्तर पर लगभग 82.8 करोड़ लोग भूख से पीड़ित थे, जो दुनिया की लगभग 9.2 प्रतिशत आबादी के बराबर है। इसी रिपोर्ट के अनुसार, यह संख्या 2015 से निरंतर बढ़ रही है, जिसका मुख्य कारण वैश्विक संकटों के चलते खाद्य प्रणालियों की अस्थिरता है।

कृषि और प्रौद्योगिकी में प्रगति के नए-नए मानक प्राप्त करने के बाद भी भूख, कुपोषण और खाद्य असुरक्षा वैश्विक चुनौती बनी हुई है। जनसंख्या की अनवरत वृद्धि, आर्थिक असमानताओं, आतंकवाद, भू-



राजनीतिक संघर्षों व युद्धों तथा जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक खाद्य प्रणाली और उस पर निर्भर मानवता की खाद्य सुरक्षा संकट में है। दुनिया के गरीब क्षेत्रों और पिछड़े मानव समूहों से लेकर विकासशील क्षेत्रों और यहां तक कि संपन्न क्षेत्रों में भी खाद्य सुरक्षा एक गंभीर और अंतहीन मुद्दा बना हुआ है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित 17 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में से एसडीजी-2 द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, वर्ष 2030 तक विश्व को शून्य भूख (जीरो हंगर) स्थिति में होना चाहिए। लेकिन इसकी जड़ें इतनी गहरी हैं कि शून्य भूख का लक्ष्य एक मृग मरीचिका-सा ही प्रतीत होता है। अनुमान है कि 2030 तक दुनिया में 67 करोड़ लोग भूख से बिलबिला रहे होंगे।

भुखमरी के साथ कुपोषण भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक नई रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2023 में पांच साल से कम आयु के लगभग 14 करोड़ 90 लाख बच्चे अविकसित और चार करोड़ 50 लाख कमजोर थे। वैश्विक स्तर पर दो अरब से अधिक लोग सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से ग्रस्त हैं। कुपोषण का दूसरा रूप है मोटापा। वर्ष 2020 में विश्व भर में पांच वर्ष से कम आयु के तीन करोड़ 90 लाख से अधिक बच्चे मोटापे से ग्रस्त थे।

लगभग एक अरब चालीस करोड़ लोगों का घर, हमारा भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा चर्चाओं में एक कुशल खिलाड़ी की भूमिका में रहता है। कहीं किसी क्षेत्र में कोई खाद्यान्न संकट आता है, तो विश्व भारत से खाद्य आपूर्ति की आस लगाए रहता है। लेकिन खाद्योत्पादन में अग्रणी भारत भूख और कुपोषण से सर्वथा मुक्त नहीं है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 के अनुसार, भारत 212 देशों में से 107वें स्थान पर है, जो भूख के गंभीर होने का सूचक है। एफएओ की 'विश्व में खाद्य सुरक्षा और पोषण स्थिति 2023' रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग सात करोड़ 40 लाख लोग खाद्य असुरक्षा का सामना करते हैं, और 18 करोड़ 92 लाख लोग, जो कुल आबादी का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा हैं, अल्पपोषण से प्रभावित हैं। भारत में बाल कुपोषण भी एक चिंता का विषय है। रिपोर्ट के अनुसार, पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित, 19.3 प्रतिशत कमजोर और 32.1 प्रतिशत कम वजन वाले हैं।

हमारा देश कई खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का सामना करता है। आर्थिक असमानताएं, क्षेत्रीय असमानताएं और अपर्याप्त वितरण प्रणालियां तो मुख्य कारण हैं ही, अब जलवायु परिवर्तन का भी प्रवेश हो गया है। भारत अनाज उत्पादन के मोर्चे पर आत्मनिर्भर ही नहीं, निर्यातक देश भी है, जो विश्व के करोड़ों लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा का आधार है। लेकिन अपने सभी नागरिकों को पर्याप्त पोषण सुनिश्चित करने के मामले में इसे चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सब्सिडी वाले खाद्यान्न वितरित कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) लगभग 67 प्रतिशत आबादी को खाद्यान्न उपलब्ध कराती है। भारत सरकार की दुनिया जिस बात के लिए सराहना करती है, वह है कोविड-19 काल से लेकर निरंतर देश के एक बड़े वर्ग को मुफ्त खाद्यान्न आपूर्ति। इसके अतिरिक्त स्कूलों में मध्याह्न भोजन के माध्यम से देश में प्रतिदिन लगभग 10 करोड़ बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है।

भूख और कुपोषण से निपटने के लिए सबसे प्रभावी रणनीति है पारिस्थितिकी-केंद्रित सतत कृषि पद्धतियों का विकास। कृषि पद्धतियां ऐसी हों, जिनका संबंध वानिकी से हो और जो मिट्टी, जल व जैव विविधता का संरक्षण सुनिश्चित करती हों। कुपोषण की समस्या के स्थायी निवारण के लिए ऐसा कृषि प्रबंधन हो, जिसमें शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सभी आवश्यक पोषक तत्व खाद्य पदार्थों के माध्यम से लोगों को मिलते रहें। खाद्यान्नों के उचित वितरण के लिए ठोस नीतियों पर आधारित एक उत्तरदायी व्यवस्था विकसित होनी चाहिए।

# एजुकेशन & कॅरिअर

समस्याओं का साहस के साथ सामना करेंगे, तो सफलता अवश्य मिलेगी।

## अमर उजाला Job Alert

Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

### UPSSSC ने जारी किया विज्ञापन

स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) मुख्य परीक्षा



5272 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 27 नवंबर, 2024
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित
यहां आवेदन करें : upsssc.gov.in

### एनटीपीसी में अभ्यर्थी करें अप्लाई ■ 50 पद

जूनियर एग्जीक्यूटिव के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि
28 अक्तूबर, 2024
योग्यताएं
बीएससी व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
ntpc.co.in

### ऑयल इंडिया लिमिटेड में अवसर ■ 40 पद

इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक व अन्य पदों पर मौके
वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि
21, 23 व 25 अक्तूबर, 2024
आयु-सीमा
20 वर्ष से लेकर 35 वर्ष तक
यहां आवेदन करें
www.oil-india.com

### HPPSC में नौकरी की संभावनाएं ■ 1088 पद

कॉन्स्टेबल के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि : 31 अक्तूबर, 2024
योग्यताएं : 10वीं/12वीं व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : www.hppsc.hp.gov.in

### हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ■ 44 पद

डिप्टी जनरल मैनेजर, मैनेजर व अन्य पदों पर निकली भर्ती
आवेदन की अंतिम तिथि
30 अक्तूबर, 2024
योग्यताएं
ग्रेजुएशन, इंजीनियरिंग व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
hal-india.co.in

### एनआईटी, जालंधर में करें आवेदन ■ 16 पद

कुलसचिव, सहायक कुलसचिव आदि पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि
23 अक्तूबर, 2024
वेतनमान
रुपये 56,100 से लेकर रुपये 2,18,200 तक निर्धारित
यहां आवेदन करें
nitj.ac.in

### यहां भी रोजगार के अवसर ...

- श्रीमती एमएमके कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स : शिक्षक के पदों पर आवेदन आमंत्रित।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 26 अक्तूबर, 2024
  ■www.mmk.edu.in
- केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद : प्रोजेक्ट असिस्टेंट व जूनियर रिसर्च फेलो के पद रिक्त।
  वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि : 23, 24 अक्तूबर, 2024
  ■www.ccrhindia.nic.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

# केवल डिग्री पाना ही लक्ष्य न हो

*डिग्री पाने की होड़ में शामिल होने के बजाय पढ़ाई के साथ शॉर्ट-टर्म या सर्टिफिकेशन कोर्स करना कॅरिअर के लिहाज से फायदेमंद होता है*

**डॉ. वर्षा वरवंडकर**
कॅरिअर सलाहकार



आजकल बहुत से छात्र अच्छी से अच्छी डिग्री पाने की होड़ में लगे हुए हैं। इसके विपरीत कुछ छात्र अपने कॅरिअर के प्रति संवेदनशील और गंभीर होते हैं। ऐसे छात्र डिग्री के अलावा उन रणनीतियों के बारे में भी सोचते हैं, जिससे उन्हें उच्च वेतन वाली नौकरी प्राप्त करने में मदद मिल सके और वे नए कौशल भी सीख सकें। अगर आप कॉलेज के छात्र हैं, तो आपको भी ऐसी रणनीतियों पर अमल करने की जरूरत है। इस तरह की रणनीति बनाकर पढ़ाई करने से आप औपचारिक शिक्षा के साथ-साथ पेशेवर बाजार के अनुरूप खुद को ढाल सकेंगे। ऐसे कई तरीके हैं, जिन्हें कॉलेज की पढ़ाई के दौरान आजमाकर आप अपने कौशल निखार सकते हैं।

**■ कौशल-आधारित शिक्षा**

जहां एक डिग्री आपको सैद्धांतिक ज्ञान देती है, वहीं जॉब मार्केट में अधिकांश नियोक्ता यह देखेंगे कि आपके पास कौन-से कौशल हैं? इसलिए कौशल आधारित कोर्स में शामिल होने को ज्यादा तवज्जो दें। यह प्रोजेक्ट वर्क भी हो सकता है, जिसमें समस्या-समाधान व तकनीकी जानकारी की आवश्यकता होती है। आप भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के द्वारा संचालित स्वयं पोर्टल के माध्यम से साइबर सिक्योरिटी, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर पर सर्टिफिकेट प्रोग्राम, डाटा विजुअलाइजेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न प्रकार के शॉट-टर्म व सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं।

**■ कार्य अनुभव**

वास्तविक दुनिया का कार्य अनुभव लेने के लिए इंटर्नशिप बेहद जरूरी है। साथ ही यह डिग्री के ज्ञान को धरातल पर आजमाने का मौका देती है। यह रिज्यूमे को भी प्रभावी बनाती है। इंटर्नशिप की सबसे बढ़िया बात यह है कि इसे आप अपने कॉलेज के दौरान पढ़ाई करते हुए भी कर सकते हैं। आप गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस और विप्रो जैसी कंपनियां ऐसे छात्रों को इंटर्नशिप करने का मौका देती हैं।

**■ ऑनलाइन कोर्स और वर्कशॉप**

बदलते परिदृश्य को देखते हुए आपको हमेशा नई तकनीक से अपडेट रहना होगा। ऐसा आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मौजूद तकनीकी कोर्स, ट्रेनिंग प्रोग्राम या



वर्कशॉप और विभिन्न सॉफ्टवेयर स्किल सीखकर कर सकते हैं।

**■ नेटवर्किंग और व्यक्तिगत ब्रांडिंग**

अपना नेटवर्क मजबूत बनाएं। इसके लिए कॉलेज के कार्यक्रम में भाग लें, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय रहें और अपने क्षेत्र से जुड़े लोगों से ज्यादा से ज्यादा संपर्क बनाएं। इससे आपकी नेटवर्किंग तो बढ़ेगी ही, व्यक्तिगत ब्रांडिंग भी बढ़िया तरीके से होगी।

**■ काउंसलिंग और मेंटरशिप**

कॅरिअर की नई शुरुआत करना थोड़ा कठिन हो सकता है। ऐसे में आप कॅरिअर काउंसलर और मेंटर की सलाह ले सकते हैं। वे आपको रुचियों के अनुसार नौकरी बाजार को देखते हुए संभावित कॅरिअर विकल्पों की जानकारी देंगे।

## टीसीएस का बेसिक्स ऑफ इन्वेंटरी मैनेजमेंट कोर्स

**टीसीएस** की ओर से बेसिक्स ऑफ इन्वेंटरी मैनेजमेंट कोर्स की पेशकश की जा रही है। यह एक फ्री सेल्फ लर्निंग मल्टीमोड प्रोग्राम है। इन्वेंटरी प्रबंधन कोर्स की मूल बातें सीखना कॅरिअर में विकास प्राप्त करने का एक बेहतरीन तरीका है, खासकर यदि आप ऐसे छात्र या कार्यरत पेशेवर हैं, जो आपूर्ति शृंखला की बुनियादी धारणाओं को जानने में रुचि रखते हैं।



आवेदन आमंत्रित

आवेदकों के पास स्नातक या स्नातकोत्तर की डिग्री होनी चाहिए। कोर्स की अवधि एक सप्ताह निर्धारित की गई है। प्रोग्राम में आवेदकों को आपूर्ति शृंखला की मूल बातों को समझने, योजना बनाकर काम करने, मांग प्रबंधन सीखने व शेड्यूलिंग के प्रकार, गुण और दोष आदि कौशल सीखने का मौका मिलेगा। अभ्यर्थी वीडियो कंटेंट के माध्यम से अपने समय के अनुसार कौशल को कभी भी और कहीं भी सीख सकते हैं। कोर्स पूरा होने के बाद अभ्यर्थियों को भागीदारी प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार अपनी अर्हता की जांच करते हुए दिए गए लिंक tinyurl.com/2u23d29m पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## पैलियम इंडिया की ग्लोबल फेलोशिप

**पैलियम** इंडिया, त्रिवेंद्रम इंस्टीट्यूट ऑफ पैलिएटिव साइंसेज (टीआईपीएस) के माध्यम से पैलिएटिव मेडिसिन में ग्लोबल फेलोशिप की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य चिकित्सकों का एक ऐसा समूह बनाना है, जो स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों को सही उपचार प्रदान कर सकें।

**फेलोशिप प्रोग्राम**

एमबीबीएस या बीडीएस और संबंधित मेडिकल की डिग्री रखने वाले चिकित्सक इस फेलोशिप में आवेदन करने के लिए पात्र हैं। फेलोशिप के तहत चिकित्सक ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। इस फेलोशिप में उम्मीदवारों को एक महीने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 अक्तूबर, 2024 निर्धारित की गई है। इच्छुक व योग्य उम्मीदवार अपनी अर्हता की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक tinyurl.com/hshjc7xp पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

## एग्जाम अलर्ट : हफ्ते की परीक्षाएं

### *एसएससी सीपीओ पीईटी/पीएसटी परीक्षण-2024*

- **परीक्षा की तिथि :** 21, 22, 23 और 25 अक्तूबर, 2024
- शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) में अभ्यर्थियों के लिए दौड़, ऊंची कूद और लंबी कूद का आयोजन किया जाएगा।
- शारीरिक मानक परीक्षा (पीएसटी) में अभ्यर्थियों की लंबाई, वजन और छाती का परीक्षण किया जाएगा।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** ssc.gov.in

### *राजस्थान सीईटी परीक्षा*

- **परीक्षा की तिथि :** 22, 23 और 24 अक्तूबर, 2024
- तीन घंटे की इस परीक्षा में सामान्य विज्ञान, करंट अफेअर्स, सामान्य जागरूकता, अंग्रेजी, हिंदी, मानसिक क्षमता एवं तर्क और कंप्यूटर विषय से 300 अंकों के कुल 150 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे।
- **यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें** rsmssb.rajasthan.gov.in

## खुद को परखें

1. सेना प्रमुख ने किस शहर में 'अग्निस्त्र' बहु-लक्ष्य विस्फोट उपकरण लॉन्च किया?
   (a) नई दिल्ली (b) गंगटोक
   (c) कोहिमा (d) शिलांग

2. केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) किस मंत्रालय के अंतर्गत काम करता है?
   (a) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
   (b) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
   (c) ग्रामीण विकास मंत्रालय
   (d) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

3. भारत डिजिटल कृषि सम्मेलन-2024 कहां आयोजित किया गया?
   (a) नई दिल्ली
   (b) चेन्नई
   (c) हैदराबाद
   (d) कोलकाता

*उत्तर- 1.b, 2.b, 3.a*

## सामान्य ज्ञान ड्रैगन ड्रोन



- रूस-यूक्रेन युद्ध में 'ड्रैगन ड्रोन' नामक हथियार का इस्तेमाल किया जा रहा है।
- ड्रैगन ड्रोन मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) हैं। ये ड्रोन थर्माइट छोड़ते हैं, जो एल्युमिनियम और आयरन ऑक्साइड का मिश्रण है, जो अपनी अत्यधिक गर्मी के लिए जाना जाता है। इसे मूल रूप से रेल की पटरियों को वेल्डिंग करने के लिए विकसित किया गया था।
- जब थर्माइट को जलाया जाता है, तो यह लगभग 2,427 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर जलता है, जो सैन्य-ग्रेड वाहनों और अन्य मजबूत से मजबूत सामग्रियों को पिघलाने में सक्षम है।
- थर्माइट के एक बार जलने के बाद इसे बुझाना लगभग असंभव है। प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन जेपेलिंस तथा द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र देशों और धुरी राष्ट्रों ने हवाई बमबारी के लिए थर्माइट बम का इस्तेमाल किया था।
- युद्ध में थर्माइट का उपयोग अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत प्रतिबंधित नहीं है। हालांकि, कुछ पारंपरिक हथियारों पर कन्वेंशन के प्रोटोकॉल III के तहत नागरिकों के खिलाफ आग लगाने वाले हथियारों का इस्तेमाल प्रतिबंधित है।

## टेक-टॉक

Gadgets Ai Technology

# कृत्रिम हवा से छोटी पवन चक्की

**जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे विश्व में सबका फोकस स्वच्छ ऊर्जा पर है। वैज्ञानिकों ने एक खास पवन चक्की का निर्माण किया है, जो भारी-भरकम सेटअप के बिना छोटे टर्बाइनों के साथ कृत्रिम हवा से स्वच्छ बिजली का उत्पादन कर सकती है।**

प्राकृतिक हवा से बिजली पैदा करने की तकनीक वर्षों से मौजूद है और यह स्वच्छ ऊर्जा के बेहतर विकल्पों में से एक है। लेकिन पवन टर्बाइन के भारी-भरकम सेटअप के चलते इसका उत्पादन काफी महंगा पड़ता है। ऐसे में बिजली की मांग बढ़ने पर किफायती स्रोतों की ओर रुख किया गया। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने मानव निर्मित ऊर्जा से चलने वाली एक मिनी पवन टर्बाइन ईजाद की है। खास बात यह है कि इसके टर्बाइन एक सामान्य पंखे के आकार के होंगे और इसको लगाने के लिए भारी-भरकम सेटअप की भी जरूरत नहीं होगी। इमारतों में भी इसका प्रयोग किया जा सकता है। इसे बनाने वाले एक अमेरिकी कंपनी के वैज्ञानिकों का दावा है कि एक मिनी पवन टर्बाइन वर्ष में औसतन 468 मेगावाट बिजली का उत्पादन करेगी और इससे करीब 300 मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन कम होगा। जलवायु परिवर्तन को लेकर संघर्षरत दुनिया में यह मिनी पवन टर्बाइन उम्मीद की नई किरण जगाती है।



**■ कैसे आया आइडिया**

शोधकर्ताओं को कोलंबिया के एक बड़े डेटा सेंटर की कूलिंग मशीनों में लगे पंखों से व्यर्थ जा रही हवा के उपयोग का विचार आया। वहीं से इस खास तरह की पवन चक्की के आइडिया ने जन्म लिया। इसके बाद उन्होंने पंखों के आकार के समान टर्बाइन वाली पवन चक्की बनाई और उससे औद्योगिक भवनों में बर्बाद होने वाली हवा के उपयोग से बिजली पैदा कर स्वच्छ ऊर्जा का नया विकल्प निकाला। ज्यादातर बड़े औद्योगिक भवनों में कूलिंग, हीटिंग और वेंटीलेशन के लिए 24 घंटे पंखे चलते रहते हैं।

**■ कितनी बचेगी बिजली**

डेटा सेंटर पर तीन कूलर लगे थे और प्रत्येक में आठ पंखे थे। पंखों के सामने छह मिनी टर्बाइन लगाए गए। इनसे वर्षभर में 513.82 मेगावाट बिजली पैदा हुई। कूलिंग मशीन के पंखों के चलने में खर्च हुई बिजली को घटाने के बाद भी डेटा सेंटर को सालाना 467.6 मेगावाट बिजली मिली, जिसका उपयोग डेटा सेंटर पर कूलिंग मशीनों से इतर लगे उपकरणों को चलाने में किया जा सकता था।

**■ कार्बन फुटप्रिंट में कमी**

वैश्विक स्तर पर बिजली उत्पादन कार्बन उत्सर्जन के प्रमुख स्रोतों में एक है और औद्योगिक इकाइयां सर्वाधिक बिजली खपत वाले क्षेत्रों में आती हैं। ऐसे में औद्योगिक क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा पैदा होने से बिजली की खपत कम होगी। इससे जीवाश्म ईंधन निकालने और जलाने से पर्यावरण को होने वाला नुकसान भी कम होगा, जो कार्बन फुटप्रिंट कम करने की दिशा में एक प्रभावी कदम होगा। वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। जलवायु परिवर्तन के खतरों से पृथ्वी को बचाने की मुहिम पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।

**■ शोर और भार की चिंता**

मिनी टर्बाइन की गति बहुत तेज होने से यह अत्यधिक शोर करती है, जो कि इसका एक चिंताजनक पहलू है। अगर शोर को कम करने के लिए इसे छत पर लगाते हैं तो इसका वजन मुश्किल पैदा कर सकता है। ऐसे में वैज्ञानिक इन दोनों ही पहलूओं को कम करने पर काम कर रहे हैं, जिससे कम शोर वाली और हल्की मिनी टर्बाइन बनाई जा सके और इसके उपयोग को आसान बनाया जा सके।

## बदलने वाला है टीनेजर्स का इंस्टाग्राम अकाउंट

**इंस्टाग्राम** 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए 'टीन अकाउंट' लाने जा रहा है। यह कंपनी की तरफ से किया गया बड़ा बदलाव है। यह अभिभावकों के अकाउंट से बिल्ट-इन-अकाउंट होगा, जिसमें अभिभावक बच्चों पर नजर रख सकेंगे। बच्चों के साथ कौन जुड़ सकता है और वे क्या कंटेंट देख सकते हैं, इसको भी नियंत्रित किया जा सकेगा। कुछ खास सेटिंग में बदलाव के लिए बच्चों को अभिभावकों से अनुमति लेनी होगी। 16 वर्ष से कम उम्र वाले यूजर्स का इंस्टाग्राम अकाउंट अपने आप 'टीन अकाउंट' में बदल जाएगा। जो 'टीन अकाउंट' को फॉलो करता होगा, वही उनसे बात कर पाएगा। संवेदनशील कंटेंट नहीं दिखेगा। 60 मिनट का समय बिताने के बाद एप छोड़ने का नोटिफिकेशन आ जाएगा। रात दस से सुबह सात बजे तक स्लीप इन मोड रहेगा।



## व्हाट्सएप पर क्वालिटी वीडियो कॉलिंग

**व्हाट्सएप** ने अपने यूजर्स को बेहतर अनुभव देने के लिए नया फीचर लॉन्च किया है। अब यूजर्स लो लाइट में भी क्वालिटी वीडियो कॉलिंग कर सकेंगे। कम रोशनी होने पर भी उन्हें वीडियो कॉलिंग में दिक्कत नहीं होगी। एंड्रॉइड और आईओएस यूजर्स के लिए इस फीचर को रोलआउट कर दिया गया है। इस फीचर को इस्तेमाल करना बहुत आसान है। हालांकि अभी इसको स्थायी तौर पर इनेबल करने का विकल्प नहीं है। हर वीडियो कॉल पर इसे इनेबल करना होगा। इनेबल करने के लिए वीडियो फीड को फुल साइज कर दाहिने कॉर्नर में बल्ब जैसे आइकन पर क्लिक करना होगा। बंद करने के लिए दोबारा क्लिक करना होगा।



## न्यू लॉन्च

### मारुति डिजायर के नए मॉडल में क्या होगा खास



आने वाली है...

मारुति सुजुकी की सेडान कार डिजायर का नया मॉडल लॉन्च होने जा रहा है। कई बार यह कार टेस्टिंग के दौरान नजर आ चुकी है। पहली बार इसमें सनरूफ की सुविधा मिलने जा रही है। नए मॉडल में डिजाइन से लेकर केबिन और इंजन तक में बदलाव देखने को मिल सकता है। प्रीमियम इंटीरियर, नया डैशबोर्ड, अच्छी और कंफर्टेबल सीटें, रियर एसी वेंट्स और चार्जिंग पोर्ट, रियर सीट पर आर्म रेस्ट, वायरलेस चार्जर, वायरलेस कनेक्टिविटी, 9 इंच का स्मार्ट टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम जैसे फीचर्स मिल सकते हैं। इसमें जी-सीरीज का तीन सिलेंडर इंजन मिलेगा, जिससे कार का माइलेज 25 किमीमीटर प्रति घंटा से अधिक हो सकता है। कार नवंबर में बाजार में आ सकती है, हालांकि अभी आधिकारिक लॉन्च की घोषणा नहीं हुई है।

### सैमसंग का 'क्रिस्टल 4-के डायनामिक टीवी'



**सैमसंग** का 'क्रिस्टल 4-के डायनामिक टीवी' 100 से अधिक चैनल और सैमसंग टीवी प्लस मुफ्त लाइव टीवी ऑन-डिमांड कंटेंट प्रदान करता है। 43 और 55 इंच के स्क्रीन साइज में उपलब्ध यह टीवी 4-के अपस्केलिंग टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जो वीडियो की क्वालिटी को 4-के रिजॉल्यूशन जैसा बनाती है। इससे वास्तविक कलर और बेहतर डिटेल्स के साथ टीवी देखने का शानदार अनुभव मिलता है। टीवी का डिजाइन पतला और आकर्षक है। यह कम जगह में फिट होने के साथ कमरे की सुंदरता भी बढ़ाता है। इसमें उपलब्ध बिक्सबी और अमेजन एलेक्सा वॉइस असिस्टेंट की मदद से आप वॉइस कमांड का उपयोग कर टीवी को कंट्रोल कर सकते हैं।

## आज का दिन

16 अक्तूबर, 1923

वॉल्ट डिज्नी और उनके भाई रॉय ने कैलिफोर्निया में डिज्नी ब्रदर्स कार्टून स्टूडियो की स्थापना की थी, जो कार्टून, एनिमेटेड फिल्मों और पात्रों का पर्याय बन गया। इसने पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर मिकी माउस बनाया था।



- 1916 : मार्गरेट सेंगर ने न्यूयॉर्क में अमेरिका का पहला परिवार नियोजन क्लिनिक खोला था।
- 1944 : मशहूर तबला वादक लच्छू महाराज (लक्ष्मी नारायण सिंह) का जन्म हुआ था।
- 1964 : चीन ने पहला परमाणु परीक्षण किया था।
- 2003 : हंगरी के मुक्केबाज लास्लो पैप का निधन हुआ था।

## व्रत त्योहार

**आज :** आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी। **कल :** रासपूर्णिमा, तुला संक्रांति, कार्तिक स्नान प्रारंभ, शरद ऋतु, सूर्य दक्षिणायने, दक्षिण गोले। **राहुकाल :** प्रातः 13.30 से 15.00 तक।

## कल का पंचांग

**विक्रमी संवत 2081,** 25 आश्विन मास शाके 1946, कार्तिक मास 01 प्रविष्टे, 13 रबिउस्सानी हिजरी 1446, आश्विन पूर्णिमा 16.55 तक उपरांत कार्तिक कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, रेवती नक्षत्र 16.19 तक उपरांत अश्विनी नक्षत्र, हर्षण योग 25.41 तक उपरांत वज्र योग, विष्टि (भद्रा) करण 06.47 तक उपरांत बव करण, चंद्रमा मेष राशि में 16.19 बजे।

■ सूर्योदय : 06.27
■ सूर्यास्त : 17.46
(भारतीय मानक समयानुसार)

amarujala.com/astrology

## राशिफल

■ पं. विनोद त्यागी

**मेष :** नई योजना में आंशिक सफलता मिलेगी। कानूनी मामले में सावधानी बरतें। व्यवसाय में लाभ होगा।

**वृष :** शुभचिंतकों का सहयोग मिलेगा। किसी परेशानी से मुक्ति मिलेगी। व्यावसायिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन :** कार्य योजना सफल होगी। नौकरी में सम्मान बढ़ेगा। सरकारी क्षेत्र से अर्थ प्राप्ति हो सकती है।

**कर्क :** सकारात्मक सोच बनाए रखें। कार्य विशेष में सफलता मिल सकती है। संतान पक्ष से चिंतित रहेंगे।

**सिंह :** विकास कार्यों में अवरोध आएंगे। नए कार्य में पूंजी निवेश से बचें। विश्वासपात्र से धोखा संभव है।

**कन्या :** मन में आशा का संचार होगा। विकास के नए अवसर मिलेंगे। सरकारी क्षेत्र में अटके कार्य पूरे होंगे।

**तुला :** साक्षात्कार में चयन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में दबदबा बना रहेगा। विरोधी शांत रहेंगे। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

**वृश्चिक :** स्वविवेक से अटका कार्य बनेगा। संतान पक्ष से चिंतित रहेंगे। व्यवसाय में लाभ होगा। घर में शांति रहेगी।

**धनु :** मनोबल बनाए रखें। पूर्वनियोजित कार्य में असफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**मकर :** दिनमान अनुकूल रहेगा। नई नौकरी प्राप्ति का अवसर मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ होगा।

**कुंभ :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शुभ चिंतकों का सहयोग मिलेगा। व्यय अधिक होगा। व्यवसाय में लाभ होगा।

**मीन :** नौकरी में सावधानी बरतें। आर्थिक दबाव बना रहेगा। ऋण में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय में लाभ होगा।

## जन्मदिन

**हेमा मालिनी, अभिनेत्री**



**आज** जन्मे जातक कल्पनाशील, परंपरा से हटकर चलने वाले और परोपकारी होते हैं। 25 या 29वें वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति होती है। इस वर्ष भाग्य सहायक रहेगा। राजनीतिक महत्वाकांक्षा का अवसर मिल सकता है। चल-अचल संपत्ति में वृद्धि होगी। नए उद्योग की स्थापना हो सकती है। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 2 | | | 6 | | 7 |
| | | 4 | 5 | 9 | 7 | | 2 | 1 |
| 2 | | | 6 | | 8 | | | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | | 9 | | 6 | | | 4 |
| 5 | 6 | | 4 | 3 | 2 | 9 | | |
| 4 | | 9 | | | 1 | 5 | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 6 | 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 5 |
| 8 | 5 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 3 | 6 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### हाथ-पैर बार-बार हो जाते हैं सुन्न?

*हाथ-पैरों का सुन्न होना सामान्य बात है, लेकिन बार-बार ऐसा होना किसी रोग का संकेत भी हो सकता है।*

आपने अक्सर अनुभव किया होगा कि जब हम एक ही पोजीशन में लंबे समय तक बैठे या लेटे रहते हैं या हाथ अथवा पैर बहुत समय तक दब जाते हैं तो वे सुन्न हो जाते हैं और उनमें चींटियां चलने या सुई चुभने जैसा अहसास होता है। ऐसा रक्त संचार के ठीक ढंग से न होने के कारण होता है। जैसे ही हम सामान्य स्थिति में आते हैं, रक्त संचार फिर से शुरू हो जाता है और सनसनी बंद हो जाती है। लेकिन कई बार हाथ-पैर सुन्न होना गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकता है। कई बार रक्त में ग्लूकोज की मात्रा अत्यधिक होने से तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचता है। इस स्थिति में हाथ और पैर में सुन्नपन या झुनझुनी होने लगती है। जब रीढ़ की डिस्क खिसक (डिस्क स्लिप) हो जाती है तो इस स्थिति में पैरों के नीचे वाली नसों पर काफी दबाव पड़ता है और नस दब जाती है, जिससे सुन्नपन हो जाता है। कई ऑटोइम्यून बीमारियों, जैसे- ल्यूपस और गठिया में भी हाथ-पैर सुन्न होने की समस्या देखने को मिलती है। कई बार शरीर में विटामिन बी कॉम्प्लेक्स की कमी के कारण भी हाथ-पैर सुन्न हो जाते हैं। कैंसर (कीमोथेरेपी), एचआईवी या एड्स, उच्च रक्तचाप और टीबी के रोगियों में भी यह बहुत आम है।



### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

आपको बार-बार हाथ-पैर सुन्न होने की समस्या हो रही है तो इसे नजरअंदाज करने की गलती न करें। तुरंत चिकित्सक से संपर्क करके इसके कारण का पता लगाएं और सही उपचार कराएं।

-डॉ. धीरज फूलमती सिंह
वरिष्ठ चिकित्सक

